तापमान

अधिकतम 29.6 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025


13 किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया प्रदर्शन



13 रोजगार अभिमुखी प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद : डॉ. नंदा गुरवारा










## खबर संक्षेप

### बदली गई पाइपलाइन आज मिलेगा पानी

**दुर्ग।** सोमवार को सुबह वाटर सप्लाई के बाद मालवीय नगर काम्पलेक्स के पास 600 एमएम वॉल्व बदला गया। इसके लिए 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शट डाउन लिया गया। इस अवसर से शहर के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। लोग पानी को लेकर परेशान होते रहे। अधिकारियों ने बताया कि 2 दिसंबर से पानी सप्लाई व्यवस्था समान्य होगी। शटडाउन की वजह से पद्मनाभपुर टंकी वार्ड 43, 44, 45, 46, शंकर नगर टंकी वार्ड 10, 11, 12,13, शक्तिनगर टंकी 17, 18, 19, 20, 21, 22, गिरधारी नगर टंकी वार्ड 9, 5, हनुमान नगर टंकी 21, 19, 20, ट्रांसपोर्ट नगर टंकी वार्ड 16, शनिचारी बाजार टंकी वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से आपूर्ति की गई।

### एसआईआर का काम 4 के बजाए 11 दिसंबर तक

**दुर्ग।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर तारीख में बदलाव किया गया है। अब 4 दिसंबर के बजाए 11 दिसंबर तक प्रारूप जमा लिए जाएंगे। 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियां बदल गई हैं। मतदान केंद्र का युक्तिकरण या पुनर्व्यवस्था का कार्य भी 11 दिसंबर तक चलेगा। इसी प्रकार नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण और ड्राफ्ट रोल की तैयारी का कार्य 12 से 15 दिसबंर तक चलेगा। आपत्ति और दावा दर्ज करने की संशोधित अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन का कार्य 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा।

### पुलगांव स्थित बाल संप्रेक्षण गृह एक बार फिर चर्चा में, दीवार फांद गए अपचारी

# बाल संप्रेक्षण गृह में अपचारी बालकों ने मचाया हंगामा धारदार वस्तु लहराई, ईंट निकालकर मारने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलगांव का बाल सुधार गृह एक बार फिर चर्चा में हैं। पिछले 28 नवंबर से संप्रेक्षण गृह में अपचारी बालकों का हंगामा जारी है। बता दें कि 7 बालक सुधार गृह से दीवार फांदकर भाग चुके हैं।

उनमें से 4 का पहले ही रेस्क्यू कर लिया गया था। शेष 3 को एक दिन पहले तिल्दा से पकड़कर लाया गया। पुलिस ने बाल संप्रेक्षण गृह के सुपुर्द किया। सोमवार को इन बालकों ने संप्रेक्षण गृह में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। खबर है कि बालक नशे की हालत में थे। उन्होंने मौके पर तैनात केयर टेकर, अधीक्षक, सुरक्षा गार्ड सहित अन्य के दुर्व्यवहार किया। धारदार वस्तु दिखाकर मौके में मौजूद लोगों को डराने की कोशिश की। यहां तक दीवार की ईंट निकालकर मारने का प्रयास किया। खबर है कि बालकों ने दीवार तोड़ने का भी प्रयास किया। जानकारी के बाद एसडीएम स्तर के अधिकारी उत्तर ध्रुव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख आरके जामुलकर, परियोजना अधिकारी अजय साहू, विद्या ताम्रकार, बाल कल्याण समिति के सदस्य सहित अन्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने बालकों को समझाने का प्रयास किया। मामला नहीं संभलने पर पुलगांव पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालकों को शांत कराया। खबर है कि बालक संप्रेक्षण गृह की सुविधाओं को लेकर नाराज चल रहे हैं। इसका उन्होंने विरोध किया।

**घटना की जानकारी के बाद एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे**





#### प्रशासन पूरे दिन छिपाते रही मामले को

संप्रेक्षण गृह में हंगामे की घटना को प्रशासन और महिला एवं बाल विकास के अधिकारी पूरे दिन छिपाते रहे। जबकि मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित हुई। सातों बालकों के अलावा अन्य बालकों ने भी संप्रेक्षण गृह में हंगाम शुरू कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी लापरवाही सामने आई है। बता दें कि इससे पहले बाल संप्रेक्षण गृह से 3 नवंबर को भी 3 अपचारी बालक निकल गए थे। उनमें हत्या, लूट जैसे गंभीर अपराध वाले नाबालिग भी शामिल थे। बाद में वे लौट गए। इसके बाद 28 नवंबर की घटना सामने आई। सोमवार को हुई घटना के बाद बालकों ने जमकर गाली गलौज की। यहां चार अपराधियों ने उत्पाद मचाते हुए संप्रेक्षण गृह में रहे रहे दूसरे किशरों से गाली गलौज की। खबर है कि तोड़फोड़ भी की गई। बता दें कि संप्रेक्षण गृह में पहले भी हत्या, मारपीट सहित अन्य बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी बाल संप्रेक्षण गृह के हालत में अब तक सुधार नहीं आया है।

### अब तक कुल 9 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

# शराब दुकान के सेल्समैन ही करा रहे थे अवैध शराब की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नंदिनी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में तीन सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गत दिनों पुलिस ने 28 पेटी अवैध शराब सहित लाखों रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में पूर्व में 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

जानकारी के अनुसार विगत 29 नवंबर को पत्थर खदान नंदिनी खुंदिनी के पास वाहन टाटा सफारी क्रमांक सीजी 04 एचडी 7843 में 28 पेटी देशी मदिरा परिवहन की सूचना पर पुलिस द्वारा नांकेबंदी कर उसे रोका गया। नरेश कुर्रे उम्र 38 साल निवासी ग्राम डूमर थाना नंदिनी नगर, लवकेश उर्फ बबलू उम्र 30 वर्ष निवासी गिरहोला थाना नंदिनी नगर, आर्यन कुमार लहरे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम डूमर थाना नंदिनी नगर, प्रभू बारले उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 4 अहिवारा थाना नंदिनी नगर, मैनेजर हितेश सययान उम्र 38 साल निवासी समता कॉलोनी चरोदा, विचित्र दास मानिकपुरी उम्र 37 साल निवासी ग्राम परपोड़ी जिला बेमेतरा को गिरफतार कर रिमांड पर भेजा गया है। जांच के दौरान शासकीय देशी शराब दुकान नंदिनी खुंदिनी में पदस्थ तीन अन्य सेल्समैन नारायण जोगी उम्र 41 निवासी वार्ड नंबर 10 ग्राम बागडूमर थाना नंदिनी नगर, अमरजीत महतो उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड 21 नेहरू चौक चरोदा और नितेश साहू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पेंड्री गोबरा थाना धमधा की संलिप्तता पाए जाने पर सोमवार को रिमांड में भेजा गया ।



# रात का पारा 14 डिग्री पर ठहरा, बदला मौसम का मिजाज, बारिश का अलर्ट, बादल छंटते ही बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के तापमान में आने वाले दो दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पश्चिम बंगाल में बने नए सिस्टम के कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबादी की संभावना है। जिस कारण से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। ट्विनसिटी में सोमवार की शाम अचानक मौसम बदला। बादल छा गए, इसके पहले सुबह भी कुछ समय के लिए बादल छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश की संभावना बन रही है। बादल छंटते ही ठंड बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार दुर्ग संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की या मध्यम बारिश की संभावना है। बारिश के असर के कारण दिन और रात के तापमान में बदलाव देखने को मिलेगा। तापमना में गिरावट होगी और ठंड में वृद्धि होगी। ठंड ने दस्तक दे दी है। सोमवार को जिले का मौसम खुश्क रहा। दिन का तापमान जहां 29.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम पारा 14.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बादलों के छंटने के साथ ही शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में डीप प्रेशर एरिया बना हुआ है। इसका असर दक्षिण और मध्य हिस्सों में देखने को मिल रहा है।

## जामुल और कुम्हारी थाना क्षेत्र में तीन बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले में तीन वाहन चोरी का मामला सामने आया है। एक जामुल और दो कुम्हारी थाना क्षेत्र का मामला है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 09 शुक्रवारी बाजार के पास गुढ़ियारी रायपुर ने गोवर्धन शर्मा ने जामुल थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वे माया मैरिज हाल नालंदा स्कूल के पास कुरूद में हलवाई का काम करने गया था। 29 नवंबर को रात्रि करीबन 1.30 बजे हीरो होण्डा वाहन क्रमांक सीजी 12 एआर 2589 को माया मैरिज भवन के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था। सुबह करीब 60 बजे भवन से बाहर आकर देखा तो बाइक नहीं था। वहीं कुम्हारी थाना में वार्ड 22 सत्यनगर कुगदा निवासी वामन कुमार वर्मा ने शिकायत की कि विगत 16 नवंबर को मेहमान को छोड़ने रेल्वे स्टेशन कुम्हारी गया था। सुबह करीबन 9 बजे अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 07 बीएम 3092 को रेल्वे स्टेशन के सामने खड़ी कर प्लेटफॉर्म गया था। करीबन आधा घंटा बाद बाहर निकलकर देखा तो मेरी मोटर साइकिल नहीं था। आसपास पता किया कुछ पता नहीं चला । वहीं तिसरे मालले में मिनीमाता चौक के पास मुरमुंदा निवासी यशवंत कुमार चंदेल ने बाइक क्रमांक सीजी 07 बीयू 2726 चोरी की शिकायत कुम्हारी थाना में किया है।

### महापौर परिषद की बैठक में 21 एजेंडों की स्वीकृति

# पेयजल आपूर्ति के लिए बिछेगी नई पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई की एमआईसी की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में बुलाई गई। बैठक में शहर के विकास और जनहित से जुड़े कुल 21 एजेंडों पर विस्तार से विचार-विमर्श के बाद महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।



सोमवार को आयोजित महापौर परिषद की बैठक में प्रमुख स्वीकृत एजेंडा जलकार्य विभाग के लिए कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सार्वजनिक डोम शेड का निर्माण, चौराहों पर निर्मित घड़ी, फाउंटेन, झंडे और गार्डन के नियमित रखरखाव का कार्य सहित शिवनाथ इंटेकवेल का वार्षिक मेंटेनेंस कार्य शामिल है। साथ ही पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने नई पाइप लाइन बिछाना, सीवरेज पाइप लाइन का नवीनीकरण कार्य, सांस्कृतिक मंच का नाम परिवर्तित करना और बिजली के खम्भों व टावर पर संपत्तिकर अधिरोपित करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया, आवंटित भूखंडों पर लीज प्रवेश शुल्क निर्धारित करना, सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजना, नगरीय निकायों में पुनरीक्षित नियमित व प्लेसमेंट की जाने वाली पदसंरचना का प्रस्ताव शामिल है। निगम क्षेत्र के प्रत्येक भवन और भूमियों का ड्रोन सर्वे कार्य कराना और नव निर्मित गारमेंट फैक्ट्री के लिए मशीनरी एवं अन्य सामग्री स्थापित करने, उसके संचालन को पीपीपी मोड पर कराने की स्वीकृति मिली है।

महापौर परिषद के सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रस्तुत सभी 21 एजेंडों पर अपनी सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। बैठक में एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर उपस्थित थे।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

खबर संक्षेप



## आवारा कुत्तों को लगाया गया एंटी रैबीज का टीका

**कुम्हारी।** नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत सोमवार को नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में एंटी रैबीज़ वैक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि आवारा एवं पालतू कुत्तों में बढ़ते संक्रमण के खतरे को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान पालिका की टीम एवं पशु चिकित्सक के द्वारा आवारा कुत्तों को एंटी रैबीज़ वैक्सीन लगाया गया। वहीं पशुपालकों को रैबीज़ से बचाव व टीकाकरण की समय-सीमा के बारे में जागरूक भी किया गया। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू कुत्तों का समय-समय पर टीकाकरण अवश्य कराए और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत विभाग को सूचित करें। वहीं पालिका प्रशासन ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी इस प्रकार के नियमित टीकाकरण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

## सेजस कुम्हारी में विजया ने प्राचार्य पद पर किया कार्यभार ग्रहण



**कुम्हारी।** पीएम श्री सेजस कुम्हारी से चार व्याख्याता प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए जिनमे केशवराम साहू, जीपी सिंह, हेमलता नामदेव प्राचार्य पद पर एवं विजया श्रीवास्तव ने पूर्व प्राचार्य लता रघुकुमार के सेवानिवृत्ति पश्चात उनके स्थान पर बतौर प्राचार्य सेवाएं देंगी। सभी शिक्षकों के पदोन्नति पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी। सभी प्राचार्य को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। बता दें कि केआर साहू सेजस बेरला के प्राचार्य होंगे, जीपी सिंह सेजस हसदा के प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण करेंगे एवं हेमलता नामदेव हाई स्कूल ऊफरा में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे सभी व्याख्याता ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गीता जन्मोत्सव समारोह गायत्री परिवार और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित

# गीता तो भारतीय संस्कृति की आत्मा है, वह घर-घर और जन-जन में व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बाजार चौक कला मंच जामगांव आर में सोमवार को गीता जन्मोत्सव समारोह गायत्री परिवार और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। श्रीमद भगवत गीता के 12 वे अध्याय का पारायण किया गया। गायत्री परिजन नारद साहू एवं संस्कृत भारती के प्रमुख नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में यतीश साहू ने संगीत संयोजन किया। मानस मर्मज्ञ लोमस साहू ने गीता सार लयबद्ध किया। सेजस पूर्व प्राचार्य चेतना ठाकुर, नगर पुरोहित मुकेश शुक्ला, शिक्षाविद मीरा चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, चंद्रकला साहू, खिलेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने भागवत गीता पर हृदयस्पर्शी वाणी का संचरण किए।

मानस मर्मज्ञ लोमस साहू ने कहा कि गीता तो भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गीता घर घर और जन जन में व्याप्त है जरूरत है इस पर चिंतन कर रसपान करने की । गीता के उपदेश को जीवन में ढालने वाले बड़े आनंद के साथ जीवन जीया करते हैं। जीवन में दुख का एहसास तो तब होती है जब हम गीता सार से दूर होने लगते है। उन्होंने कहा कि लड़ाई करते हो तो महाभारत मर्यादा में चलते हो तो रामायण और कर्तव्य का सटीक पालन करते चलते हो तो स्वमेव भगवत गीता का प्राकट्य हो जाता है। इस अवसर पर नंदनी साहू, तामेश्वरी साहू, उमा चंद्राकर, लक्ष्मी वर्मा, सुमन नागवंशी, योगेश्वरी साहू] टेमन बाई साहू, मालती साहू, थानेश्वरी साहू, लोचन चंद्राकर, पुष्पा नाग, सुनीता साहू, कामिन साहू, बसन्ती साहू, हेमिन यादव, गेमेश्वरी देवांगन, रामखिलावन साहू, यतीश साहू, डीी मानिकपुरी, चिंतन राम धीवर, जिलोखन चंद्राकर सहित काफी तादात में बच्चे माताएं सीनियर सिटीजन प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही। संचालन संस्कृत भारती प्रांत प्रमुख नरेंद्र साहू ने किया।

### श्रीमद भगवत गीता का किया पारायण



### गीता सार छलकपट से परे कर्म की राह दिखाती है

समाजसेवी आसकरण जैन ने कहा कि भगवान को तो मानते है लेकिन भगवान का कहा नहीं मानते है तब दुख प्रगट होने लगता है। गीता का सार हमे सिखाता है कि कर्म छलकपट से परे करे वर्ना समस्या का अंबार आपको घेरते चली जाएगी और सुख की तलाश में पूरा जीवन भटकते रह जाते है।जीवन में कथनी और करनी में अंतर रखने वालों को वो सम्मान नहीं मिल पाता जिसकी उन्हें अपेक्षा होती है।मुकेश शुक्ला, मीरा चंद्राकर, चंद्रकला साहू, पूर्व प्राचार्य चेतना ठाकुर, नारद साहू ने भी गीता सार पर प्रासंगिक विचार रखे।

### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंजोरा में 24 कुण्डीय राष्ट्र-शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धापूर्ण, ऊर्जायुक्त और ऐतिहासिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। गुरुकार्य, राष्ट्रभाव और सामाजिक जागरण की भावना से ओत-प्रोत यह आयोजन पूरे क्षेत्र में नई चेतना और समर्पण का संचार कर गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू , पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू तथा पूर्व विधायक गुंडरदेही डॉ. दयाराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति ने मंच को विशिष्ट वैभव प्रदान किया। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच तथा ग्राम के वरिष्ठजन और स्थानीय नागरिकों की बड़ी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और अधिक ऐतिहासिक स्वरूप दिया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री के.के. विनोद जी, लोकनाथ साहू जी और हरीश गांधी जी सहित अनेक साधक कार्यकर्तागण पूर्ण समर्पण भाव से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन संतुलित व सौम्य शैली में एनके सिन्हा द्वारा किया गया। डॉ. सीएल साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि 24 कुण्डीय महायज्ञ क्यों आवश्यक है तथा यह यज्ञ समाज में ऊर्जा, परिवर्तन और सकारात्मक चेतना का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा "यज्ञ केवल विधि नहीं, समाज उत्थान की प्रक्रिया है।" पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जी ने गायत्री परिवार की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने गुरु-निष्ठा, साधना और यज्ञ की महत्ता स्पष्ट करते हुए कहा "गुरुदेव 99% कार्य स्वयं करते हैं, हमें बस पहला कदम बढ़ाना है।

अंचल की खबरें

## मौन एकादशी तप भक्तों के लिए अधिक लाभदाई



**जामगांव आर।** भगवान मल्लीनाथ मंदिर जामगांव आर में सोमवार को मौन ग्यारस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर जैन श्री संघ के अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन सहित सदस्यों ने चंदन केसर ब्रास जल पूजा आरती किए। भगवान मल्लीनाथ, भगवान धर्मनाथ, भगवान पार्श्वनाथ, मणिधारी दादागुरुदेव, शांति गुरुदेव, लब्धीसुरी महाराज, मणिभद्रवीर स्वामी, चक्रेश्वरी माता, पद्मावती माता का पूजा-अर्चना हुआ।

जैन श्री संघ जामगांव आर अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद ने बताया कि मौन एकादशी तप साधक को 150 गुना अधिक फल दायक माना जाता है क्योंकि मौन एकादशी के दिन जैन दर्शन अनुसार अतीत के 50 वर्तमान के 50 और भविष्य के 50 तीर्थंकरों को मोक्ष जन्म और दीक्षा कल्याणक से जुड़ा हुआ सुनिश्चित तिथि है।इस विषय में कृष्ण महाराजा ने द्वारका नगरी में पधारे 22 वे तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान से पूछा कि भगवान एक राजा को नाना प्रकार से निर्णय लेना होता है आखिर राजा आत्म कल्याण के लिए क्या करे।तब भगवान नेमीनाथ ने मौन एकादशी की महान महिमा बताकर इस तिथि तप के अधिक फल दायक बताया। भगवान मल्लीनाथ मंदिर जामगांव आर में आयोजित मौन एकादशी पूजा में शरीक होते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ का जन्म दीक्षा और मोक्ष कल्याणक मौन एकादशी को हो हुआ। विदित हो कि 24 तीर्थंकरों में से मात्र एक तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ ही ऐसे है जो महिला पर्याय से मोक्ष गामी हुए है।उन्होंने बताया कि मल्लिकुमारी नश्वर संसार में अत्यंत सुंदर राजकुमारी थी जब स्वेंबर की बारी आई तो आत्मकल्याण कारी पथ के पथिक राजकुमारी ने संसार को दिशा देने के लिए योजना बनाई।उन्होंने स्वयं से मिलता हुआ हुबा हूंब एक स्टेच्यू बनवाकर राज महल के हाल में रखवा दी।और स्वयं प्रतिदिन जो भोजन करती उतना भोजन उस स्टेच्यू में डलवा देती स्वेंबर के लिए आए राजकुमारों से एक शर्त रखी कि आठ दिन बाद स्टेच्यू रखे हुए हाल में दो दिन रह जाए उससे मेरी स्वेंबर स्वीकार्य होगी और स्टेच्यू का ऊपर से ढ़ककन खुलवा दिए ।तो हाल भोजन की सड़न से बदबू दार हो गया जिससे कोई राजकुमार उस हाल में नहीं रुक सके। रूप सुंदरता के दीवानों को नश्वर संसार से विरक्ति का मार्ग दिखाए।

## चौहान समाज के लिए बनेगा सामुदायिक भवन



**जामुल।** पालिका क्षेत्र जामुल के वार्ड क्र. 18 में चौहान समाज के लिए अध्यक्ष निधि से सामुदायिक भवन बनेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पृथ्वीराज चौहान के जयकारे के साथ चौहान समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने चौहान समाज के युग पुरूष को पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमारे जामुल नगर में लगभग सभी समाजों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण हुआ है और आज गौरव की बात है कि अखण्ड भारत की के वीर सपूत महाराजा पृथ्वीराज चौहान के सम्मान में मुझे चौहान समाज के भवन का नीव रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं आप लोगों के मांग के अनुरूप अपने स्वयं के निधि से छः लाख रूपये का सामुदायिक भवन के लिए घोषणा किया था। तमाम प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत आज उक्त भवन का भूमिपूजन हो रहा है। इस कार्यक्रम के लिए आप सभी सामाजिक बंधुओं के सुझाव और सलाह मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा यही आशा आप लोगों से करता हूं। आप सभी सामाजिक गणों में मुझे आमंत्रित किया इसके लिए मैं समाज गंगा प्रणाम करता है। भूमिपूजन कार्यक्रम में गेंदलाल चौहान, घनश्याम चौहान, टेकराम चौहान, श्रवण चौहान, गोपाल चौहान, रूपेश, हेमलाल, धनराज, पीयुष, संजय, चंद्रकुमार, अश्वनी सिंह, इंद्रजीत, तुकेश चौहान, भगवान चौहान सहित विशिष्टजन एवं पार्षदगण कविता विश्वाल, शांति टंडन, बल्ली बर्मन, पूर्व पार्षद संजय शर्मा उपस्थित थे।

## पुरैना में सुनी मन की बात



**उतई।** मन की बात एपिसोड 128 कार्यक्रम पुरैना वार्ड 40 में अतिथि केशव महिपाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात एपिसोड 128 सुना व देखा गया। ग्राम पुरैना में बूथ अध्यक्ष कुशल चंद्राकर एवं मुख्य अतिथि केशव महिपाल साथ में ग्राम पुरैना के नागरिक गणपत, गंगोत्री बाई, लता मानिकपुरी, त्रिवेणी, तीजन बाई ठाकुर, सरोजिनी तरण, पदुमलाल ठाकुर, बसंत मानिकपुरी, शंकर यादव, सोमनाथ यादव एवं ग्रामवासियों पुरैना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 128वें संस्करण देखा एवं सुना गया। यह कार्यक्रम, समाज के हर वर्ग की सकारात्मक कहानियों, प्रेरणादायक प्रयासों और नवाचारों को एक मंच प्रदान करता है और यह दिखाता है कि जनता की शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

## किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- धान खरीदी अव्यवस्था और प्रधिकृत अधिकारियों की मनमानी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

धान खरीदी केंद्रों में लगातार बढ़ रही अव्यवस्थाओं, ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन में गड़बड़ी और प्रभारियों के स्थान पर तैनात प्रधिकृत अधिकारियों की मनमानी से त्रस्त किसानों ने सोमवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपशाखा अण्डा का घेराव किया। आक्रोशित किसान बड़ी संख्या में एकत्र हुए और बैंक प्रबंधन के माध्यम से अपना विस्तृत ज्ञापन केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी टोकन वितरण प्रणाली पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। समय पर टोकन उपलब्ध नहीं हो रहे, सर्वर की समस्या लगातार बनी हुई है और मनमानी तिथि देकर भेदभाव करने की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों के अनुसार कई खरीदी केंद्रों में तैनात प्रधिकृत अधिकारी तौल में देरी कर रहे हैं, बिना कारण किसानों को लौटा रहे हैं, कतार व्यवस्था में पक्षपात कर रहे हैं और प्राथमिकता सूची में मनमर्जी कर रहे हैं। ज्ञापन में किसानों ने प्रमुख मांगें रखीं जिसमें धान खरीदी टोकन प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी की जाए। प्रधिकृत अधिकारियों की मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए। टोकन वितरण का दैनिक पंजी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए। किसानों का कहना है कि धान खरीदी ही उनके जीवनयापन का प्रमुख आधार है, ऐसे में उत्पन्न अव्यवस्था का सबसे अधिक दुष्प्रभाव गरीब और छोटे किसानों पर पड़ रहा है। इस दौरान तहसीलदार क्षमा यदु एवं वसुमित्र दिवान मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने किसानों का ज्ञापन लिया। इस दौरान प्रशांत कुमार साहू, देवेन्द्र सिन्हा, डालेश्वर, कमलेश जोशी , बालाराम साहू, खोमेन्द्र कुमार, रनमत साहू, तोरण साहू, परमेश्वर लूकेन्द्र साहू, ताराचंद निषाद, तामेश्वर साहू, श्री राम, आत्माराम, कीर्तन साहू, केदार, गितेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

बिजनेस साइट

## बीएम कॉलेज में एचआईवी पर जागरुकता रैली एवं व्याख्यान



**भिलाई।** बीएम कॉलेज, कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग के द्वारा एचआईवी एड्स पर जागरुकता रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बीएम कॉलेज डायरेक्टर बी साव के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह जागरुकता रैली बीएम कॉलेज से होकर गोकुल नगर, बाल संप्रेक्षण गृह, शासकीय काष्ठागार, शासकीय महिला आईटीआई एवं शासकीय आईटीआई पुलगांव, दुर्ग तक गयी जहां के शिक्षकों एवं अधिकारियों को नैको का प्रतीक चिन्ह रेड रिब्बन लगाकर एवं नारा लगाकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ इसी अवसर पर कॉलेज में व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसमें राजीव लोचन आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल चंदखुरी, दुर्ग से डॉ. रूमीना खान एवं डॉ. भारती पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव, एमएल साव , प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता डॉ. रुमीना खान एवं डॉ. भारती पटेल के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय परिवार कि ओर से नैको का प्रतीक चिन्ह रेड रिब्बन और तिलक लगाकर स्वागत किया गया । सर्वप्रथम मुख्य वक्ता डॉ. रूमीना खान ने 'एचआईवी एड्स' विषय पर चर्चा करते हुये बताया कि मुख्य रूप से इस बीमारी के होने के चार कारण है जिसमें असुरक्षित यौन सम्बन्ध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त एवं संक्रमित रक्त से होने वाले शिशु । शुरुआती एचआईवी संक्रमण में बुखार, थकान, सूजी हुई ग्रंथियां, मांसपेशियों में दर्द, खरोंच, गले में खराश और दस्त -जैसे लक्षण हो सकते हैं। डॉ. भारती पटेल ने एचआईवी एड्स के बचाव पर चर्चा करते हुये बतायी कि एचआईवी/एड्स से बचाव के लिए सुरक्षित यौन संबंध, कंडोम का इस्तेमाल, इंजेक्शन के उपकरणों को साझा न करना, दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। व्याख्यान के अंतिम में सहा. प्राध्यापक रश्मि रानी तिवारी ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय कि ओर से आभार व्यक्त किया एवं कार्यशाला सब के लिए लाभप्रद रहा और भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कराने की इच्छा प्रकट की। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नर्सिंग कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा विश्व एड्स दिवस पर अभिषेक आई. मिश्रा मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल एवं श्री शंकराचार्य इंस्ट्यूटि ऑफ मेडिकल साइंसेस में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में कम्युनिटी हेल्थ डिपार्टमेंट की प्रमुख प्रो. बीना आर. थॉमस, प्रो. कोधी दिल्लीवार ओबीजी डिपार्टमेंट की प्रमुख कुमुद लूका एवं समस्त स्टॉफ का विशेष योगदान रहा। विश्व एड्स दिवस का इस वर्ष थीम था 'बाधाओं पर विजय एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन' इसी आधार पर छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़, नाटक एवं श्लोगन के माध्यम से लोगों के बीच जागरुकता फैलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कॉलेज की निदेशक सिंधु अनिल मेनन, प्राचार्या शैलजा अनिक, उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार ने किया। इस अवसर पर श्री गंगाजली ऐजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने इस कार्यक्रम को आध्यात्मिक जागरूकता, सामाजिक सद्भभाव और मानवीय मूल्यों के प्रसार को समर्पित एव अत्यंत सफल और प्रेरणादायी बताया एवं कार्यक्रम की सराहना की।

# रोजगार अभिमुखी प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद : डॉ. नंदा गुरवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



- पाटन कॉलेज में कौशल विकास पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन व निर्देशन में वनस्पति विभाग द्वारा टूटी फ्रूटी कतरी निर्माण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य छात्र छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ कौशल विकास से सबंधित ज्ञान को बढ़ावा देना है इसी के तहत रोजगार उनमुखी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें टूटी फ्रूटी कतरी निर्माण करना सिखाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक वनस्पतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया की इस कार्यशाला में लाल, पीला एवं हरा रंग की उत्कृष्ट क्वालिटी की फ्लेवर युक्त टूटी फ्रूटी कतरी का निर्माण विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय विभिन्न संकायो के 70 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। नम्रता एमएससी बॉटनी, लक्ष्मीन साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर, भवानी बीएससी तृतीय सेमेस्टर, गीतेश्वर कुमार बीएससी प्रथम सेमेस्टर द्वारा टूटी फ्रूटी कतरी बनाकर उसकी विधि भी छात्र छात्राओं को बताई।

## घर-घर पहुंचा रहे समरसता का संदेश



**पाटन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में व्यापक गृह संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोनपुर में भी यह अभियान उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। अभियान के दौरान जिला बौद्धिक प्रमुख दीपक सावर्णी, खंड संपर्क प्रमुख थनेन्द्र कुम्भकार, ऐमन कुंभकार, शीत बसंत, हुलास निषाद, कृष्णा निषाद, मुकेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने ग्राम-ग्राम जाकर नागरिकों से संपर्क स्थापित किया। कार्यकर्ताओं ने संघ के मूल विचार, राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका तथा सामाजिक समरसता के संदेश को घर-घर पहुंचाया। अभियान में ग्रामीणों का भी उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम को और गति मिली। ग्रामवासियों के साथ संवाद, परिचय एवं सहभागिता के माध्यम से शताब्दी वर्ष का यह गृह संपर्क अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद क्रमांक 266/A/2025

न्यायालय रवि कुमार महोबिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**आवेदक**- श्रीमती उर्मिला देवी, **अनावेदक**- छत्तीसगढ़ शासन व अन्य, **बनाम** -आम जनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध दावा बास्ते घोषणा बाबत्। का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनाक 06 माह 01 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसा सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों को, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**आज दिनांकः 01/12/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।** जज

(रवि कुमार महोबिया)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

## सुभाष नवयुवक मंडल का नवनिर्वाचन गठन



**उतई।** ग्राम पंचायत एवं सर्व ग्रामीण की उपस्थिति में सुभाष नव युवक मंडल का गठन हुआ जिसमें पदाधिकारी निम्न है जिसमें संचालक वीरेंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष रवि गिरी गोस्वामी, सचिव थानसिंग साहू, सहसचिव विश्वनाथ साहू, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल देवांगन, सलाहकार- तोरण लाल साहू, प्रकाश निषाद, शिव कुमार साहू, दिलीप पटेल मीडिया प्रभारी रोहित कुमार साहू एवं समस्त सदस्य गण संरक्षक ग्राम पंचायत, समस्त ग्रामीण जन, पुलिस चौकी मचांदुर युवा ग्राम प्रधान एवं अध्यक्ष सरपंच संघ युगल किशोर साहू के साथ समस्त पंच गण व ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाजसेवी इंद्रजीत सिंह को हिंदू रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बैकुंठधाम मैदान, केम्प–2, भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित हिंदू रत्न सम्मान समारोह में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में हिंदू कुल तिलक, मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने परंपरागत भगवा साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इंद्रजीत सिंह छोटू को सम्मानित किया। समारोह में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अमित मंगल, प्रदेश मंत्री मुकेश सोनकर, विभागीय महामंत्री विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रीराम भक्तों, धर्मरक्षकों और बजरंगियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।



# घासीदास नगर वार्ड 23 में बुनियादी सुविधा नहीं, अव्यवस्था चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 23 घासीदास नगर में पानी और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का संकट गहराता जा रहा है। कई नालियों पर कब्जा होने से सफाई रुक गई है। कुछ जगह नालियां अधूरी छोड़ दी गई हैं, और लोग मजबूरी में अपनी जेब से पैसा खर्च कर नाली बनाए हैं। तालाब में सफाई की कमी है। गंदे नाले के पानी के कारण बजरंग तालाब दूषित हो रहे हैं। शाम होते ही तालाब के आसपास शराब पीने वालों की भीड़ लगती है, बोतलें घरों के सामने तोड़ी जाती हैं, जिससे आमजन खासकर महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग की है।

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 23 घासीदास नगर में लोग पानी और सफाई जैसी बुनियादी जरूरतों से जूझ रहे हैं। कई जगह नालियां अधूरी पड़ी हैं। कई जगह लोगों ने कब्जा भी कर लिया है। कब्जे की वजह से नाली सफाई ठप है। कुछ मोहल्लों में लोगों को अपनी जेब से नाली बनानी पड़ी। तालाब में सफाई की कमी है। नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में गिरने से पानी बदबूदार और दूषित हो रहा है। शाम होते ही तालाब किनारे शराब पीने वालों की भीड़ लग जाती है। बोतलें घरों के सामने फोड़ दी जाती हैं। इससे परिवार, खासकर बच्चे और महिलाएं असुरक्षित महसूस करते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नगर निगम इस स्थिति को गंभीरता से ले और कब्जा हटाकर नालियों की सफाई शुरू कराए। इस संबंध में जब वार्ड 23 की पार्षद उषा शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## पानी की किल्लत, नालियों पर कब्जा और तालाब किनारे असुरक्षा से वार्डवासी परेशान







### तालाब में अंधेरा, शाम होते ही शराबियों का डेरा



बजरंग तालाब किनारे रहने वाले अशोक यादव और राधा तिवारी ने बताया कि तालाब के आसपास रौशनी के लिए बिजली पोल लगाने की जरूरत है। शाम को अंधेरा होते ही यहां शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। मना करने पर अश्लिल गाली गलौज और मारपीट में उतारू हो जाते हैं। शराब पीने के बाद लोग शराब की बातलों को या तो तालाब में फेंक देते है या लोगों के घरों के सामने फोड़कर चले जाते हैं। चारों ओर पानी पाउच और डिस्पोजल पड़ा रहाता है। वार्डवासियों ने जामुल पुलिस ने पेट्रोलिंग की मांग की है। लोगों ने बताया कि शराबियों के कारण लोग आतंकित है। शाम के समय महिलाएं व बच्चे घर से बाहर निकलने में डरते हैं।

### एकमात्र बोर से धीमी सप्लाई, पानी का संकट



घासीदास नगर में पीने के पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है। तालाब के पास मौजूद एकमात्र बोर ही लोगों का सहारा है, लेकिन उसमें पानी बेहद धीमी गति से आता है। नलों में गंदा पानी मिलने से अधिकांश घर उसी बोर पर निर्भर हैं। दूर-दूर से लोग यहां पानी लेने आते हैं और कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है। वार्डवासी जयश्री बागड़े ने बताया कि अगर किसी दिन बोर में पानी नहीं आता तो पूरा मोहल्ला परेशान हो जाता है। लोग पानी के लिए भटकते हैं, कई बार दूसरे इलाकों तक भी जाना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस पर तुरंत काम किए जाने की जरूरत है। इलाके में अतिरिक्त बोर, फिल्टर सिस्टम और नियमित सप्लाई शुरू हुई तो बड़ी राहत मिल सकती है।

### नालियां जाम, बदबू से वार्डवासियों का जीना मुश्किल



घासीदास नगर में नालियों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। भागीरथी यादव ने बताया कि कई जगह नालियों पर अवैध कब्जा हो चुका है, जिससे सफाई संभव नहीं हो पा रही। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और दुर्गंध पूरे मोहल्ले में फैल रही है। लोगों का दिन-रात इसी बदबू में गुजरता है। अधूरी पड़ी नालियों से घरों का गंदा पानी सीधा तालाब में जा रहा है। इससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थिति यह है कि सफाईकर्मी भी कचरा ऐसी जगह डंप कर रहे हैं जहां आसपास कई घर बसे हैं। दिनभर उठती बदबू से लोग परेशान हैं और बच्चों तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने कब्जा हटाकर नालियों की सफाई तुरंत शुरू कराने और कचरा डंपिंग के लिए अलग स्थान तय करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर पदोन्नति के लिए जताया आभार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के द्वारा 25 नवंबर को नगर पालिक सेवा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग (ग) को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग (ख) में पदोन्नत किया गया है। इसमें भिलाई नगर पालिक निगम जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे नगर पालिक निगम रायपुर के जोन आयुक्त हितेंद्र यादव, उपायुक्त जसदेब सिंह बाबरा, सरगुजा नगर पंचायात की यूफ्रिसिया एक्का, निगम बीरगांव से निगम सचिव श्वेता आंबिलकर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद की संध्या वर्मा, नगर पंचायत गौरेला से नारायण चंद्र साहू और नगर पंचायत देवकर से मनीष कुमार के नाम शामिल हैं। पदन्नति मिलने के बाद भिलाई निगम की जोन आयुक्त येशा लहरे और अन्य अधिकारी सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मिले। उन्होंने मंत्री को बुके देकर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान विभागीय मंत्री को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।

## नेशनल हेराल्ड : सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ केस

# कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांग्रेस ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप सरकार पर लगाया है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नेशनल हेराल्ड केस में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज की गई नई एफआईआर को लेकर पटेल

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

चौक दुर्ग में प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईडी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार पर राजनीतिक विद्वेष, संस्थागत दुरुपयोग और विपक्ष को डराने-धमकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह सियासी दुश्मनी के तहत काम कर

### पटेल चौक में तीनों जिला संगठनों ने किया प्रदर्शन



रही है। सरकार सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता किसे से डरने वाले नहीं हैं। नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर दर्ज करना गलत है. विपक्ष को कमजोर और परेशान करने की यह सियासी चाल है। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता पटेल चौक पर जमा हुए, जहां केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ कार्यकर्ता नारे लगाते हुए पुलिस प्रशासन की तगड़ी व्यवस्था के बाद भी पुतला फूंक दिया।

कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने ईडी और केंद्र का पुतला भी फूंका। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पटेल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ईडी पूरी तरह से केंद्र के इशारे पर काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ईडी वापस जाओ, लोकतंत्र बचाओ, तानाशाही बंद करो जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में इसी तरह पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस तरह के आंदोलन लोकतंत्र, विपक्ष और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा का संघर्ष है।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा, छाया सांसद राजेंद्र साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, भोला महोबिया, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, अनूप वर्मा, आयुष शर्मा, गौरव उमरे, संदीप वोरा, हरीश ठाकुर, पालेश्वर ठाकुर, लोचन यादव, प्रह्लाद वर्मा, द्वारिका साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद राकेश, मुकेश, धीरज ने पूर्व सीएम भूपेश का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए गए संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश भर के 41 जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद दुर्ग जिले में आने वाले 3 संगठन जिलें

- भिलाई-3 स्थित आवास में पहुंचकर की चर्चा

के जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर, भिलाई नगर से मुकेश चंद्राकर, दुर्ग शहर से धीरज बाकलीवाल मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त करने राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई 3 निवास पहुंचे। राकेश ठाकुर ने पुनः दायित्व प्रदान किए जाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी,राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पार्टी के कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन पर दोबारा जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीनों जिलाध्यक्ष के कांधे में हाथ रख हौसला बढ़ाते नजर आए और कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की मजबूती और जनसेवा को सर्वोच्च रखते हुए पूरे समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करने शुभकामना प्रेषित किया। श्री बघेल ने तीनो जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेसजनों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। विश्वास जताया कि संगठनात्मक विकास, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित सभी प्राथमिकताओं पर तेज़ी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी का समर्थन, स्नेह और ही मेरी कार्यशक्ति है। हम संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और दुर्ग, भिलाई कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराते है। आने वाले समय में संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई गति देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक समन्वित और सक्रिय कार्ययोजना पर काम किया जाएगा।

# आप ने निगम की कार्यशैली पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट दुर्ग पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के जनदर्शन में भिलाई नगर निगम की कार्य शैली पर सवाल उठाया। उन्होंने लिखित शिकायत सौंपते हुए कहा कि निगम के सामने खुलेआम अवैध कब्जा करके डी मार्ट की बिल्डिंग बन रही है। नेहरू नगर में कई बड़े लोग बेजा कब्जा कर बिना नियम व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना रहे हैं। इसके बाद भी निगम इनको तोड़ने की कार्रवाई करने की जगह गरीबों के ऊपर ही बुलडोजर चला रहा है। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिन के अंदर बड़े अतिक्रमण को नहीं तोड़ा गया तो वो इसको लेकर आंदोलन की राह पर उतरेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) दुर्ग इकाई ने आज भिलाई नगर निगम पर न्याय की दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह को लिखित शिकायत सौंपकर बताया कि निगम का बुलडोजर केवल गरीब वर्ग के ऊपर ही चल रहा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी केवल रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे व्यापारियों के खिलाफ ही कार्रवाई कर रहे हैं, जबकि बड़े व्यावसायिक घरानों के अवैध कब्जों को जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।

आप, भिलाई के प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर को बताया कि भिलाई में नेहरू नगर से लेकर पर पावर हाउस मार्केट सहित अन्य बाजारों तक गरीब ठेला लगाने वालों और छोटी-छोटी अवैध झोपड़ियों पर तुरंत बुलडोजर चल जाता है, जबकि निगम मुख्यालय के ठीक सामने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को जाने वाले रास्ते में सुधीर एक्सरे के बगल से डी-मार्ट के लिए बड़ा व्यवसायिक भवन बन रहा है। यहां सरकारी ज़मीन के 85 फीट हिस्से पर अतिक्रमण होने के बावजूद निगम उसे तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस मौके पर आप नेता डॉ. एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, मनीष मिश्रा,जसप्रीत सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर सिंह, अविनाश गायकवाड़, देवेंद्र बिजलेकर, शिवा सेठी, सोनू यादव, छबिलाल, अमजद अली आदि मौजूद रहे।



### आम आदमी पार्टी ने की ये मांग

आप ने कलेक्टर से मांग किया कि वे इस 'अन्याय' पर तत्काल ध्यान दें। इस दोहरे मापदंड को अपनाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। डी-मार्ट के निर्माणाधीन भवन की निष्पक्ष जांच कर बेजा कब्जा को तोड़ने की कार्रवाई की जाए।

### आंदोलन की दी चेतावनी

जसप्रीत सिंह ने अंत में चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी मांगों पर 7 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। डी-मार्ट के निर्माणाधीन भवन को तोड़ा नहीं गया तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से निर्माण स्थल पर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, पार्षद और वार्डवासी बैठे अनिश्चितकालीन धरने पर

**भिलाई।** शासकीय जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जों के विरोध में वार्ड पार्षद सहित वार्डवासी अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने सीमांकन का आश्वासन दिया, लेकिन वार्डवासी जमीन पर लगाए गए खंभों को उखाड़ फेंकने की बात पर अड़े रहे और आंदोलन जारी रखा।

सोमवार को वार्ड 21 की पार्षद नेहा साहू सहित वार्डवासी शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। पार्षद नेहा साहू ने बताया



कि कैलाश मानसरोवर मंदिर के सामने शासकीय भूमि स्थित है। इस भूमि की सीमांकन के लिए पिछले एक साल से वे नगर निगम, तहसीलदार को आवेदन किए है। पिछले एक साल में जिला प्रशासन इस शासकीय जमीन का सीमांकन नहीं कर पाए। इस जमीन को भू-माफियाओं को सौंप दिया गया है। भू-माफियाओं ने इस भूमि पर अब प्लाटिंग करना भी शुरू कर दिया है। कांग्रेस के शासन काल में इस भूमि पर भवन के लिए निविदा लगाया गया था। उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि पर लगे भू-माफियाओं द्वारा लगाए गए पोल जब तक नहीं निकाला जाएगा और सीमांकन नहीं कराया जाएगा तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। इन भू-माफियाओं को संरक्षण मिला हुआ है। धरना के दौरान एसडीएम, पटवारी और आरआई मौके पर पहुंचे। उन्होंने 2 दिसंबर को सीमांकन का आश्वासन लोगों को दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षद नेहा साहू सहित वार्डवासी प्रसिद्ध नारायण सिंह, जेपी चौबे, चंदन शर्मा, आलोक कुमार वर्मा, उत्पल चंदेल आदि मौजूद थे। पार्षद नेहा साहू ने बताया कि शासकीय भूमि के सीमांकन का प्रकरण एक साल से चल रहा है। सीमांकन के लिए तहसीलदार, एसडीएम, आयुत, कलेक्टर जनदर्शन में भी आवेदन दिया है। कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।

# स्वास्थ्य शिविर से समाज में लाया जा सकता है सकारात्मक परिवर्तन : ललित

**दुर्ग।** ग्राम कोलिहापुरी स्थित हाई स्कूल प्रांगण में शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने स्वयं स्वास्थ्य जांच कराया और बच्चों को भी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने सामाजिक उत्तरदायित्व तथा जनसेवा के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे



लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से न केवल बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त होंगी, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा के महत्व के बारे में भी जानकारी मिलेगी। प्रतिवर्ष महाविद्यालय द्वारा अलग-अलग जगहों पर 7 दिवसीय एनएसएस कैंप लगाकर गांव में रचनात्मक कार्य किया जाता है।

विधायक ललित चंद्राकर ने इस स्वास्थ्य शिविर को समाजहित में एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, एनएसएस सहायक विमल यादव, डॉ. मानसी गुलाटी, नेत्र सहायक अधिकारी अरुण सिंह, डॉ. अभिषेक खरे, जीवन दीप समिति के सदस्य सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, वेद नारायण, आर.के. तिवारी, दिनेश खरे तथा दंत चिकित्सक डॉ. अंकिता खरे सहित सभी स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित थे।

### लॉटरी से 28 हितग्राही को मिला मकान

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के 28 हितग्राहियों को खुली लॉटरी से मकान आबंटित किया गया। लॉटरी में नाम आने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने मिली। भिलाई शहर अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों के आवंटन के लिए मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में समय दोपहर 12 बजे से लाटरी आयोजित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों को शामिल करते हुए मकानहीन परिवारों को खुली लाटरी पद्धति से लोगों को मकान आवंटित किया गया। प्रमुख रूप से आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड के 4 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 21 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर के 1 मकान, वंदे मातरम कुरूद के 2 मकान शामिल किया गया है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए आवास ऋण मेला का आयोजन भी किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




शानदार नृत्य की दी प्रस्तुति

## लाइव इवेंट

### बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग के साथ सिखा राजयोग मेडिटेशन, जानी बारीकियां



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में क्लास 2 से लेकर क्लास 4 तक के बच्चों के लिए राजयोग मेडिटेशन के साथ ड्राइंग एंड पेंटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने भावनाओं को सुंदर चित्रों के माध्यम से ड्राइंग शीट पर उकेरा। इस सत्र की शुरुआत बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज कराकर ठंडी को छू मंतर कर तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में बच्चों को ड्राइंग एंड पेंटिंग की बारीकियों के साथ जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, ईमानदारी, एकाग्रता, उमंग उत्साह जैसे गुणों को भी धारण करने के लिए प्रेरित किया गया।

- जीवन में आने वाली परिस्थितियों का धैर्यवत होकर सामना करना है

इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने बच्चों को बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और जीवन में आने वाले परिस्थितियों में हमें धैर्यवत होकर सामना करना है उन्हें प्रतियोगिता ना समझ कर सीखने की लगन से आगे बढ़ना है और उसके परिणामों को सहज स्वीकार कर अपनी कमी कमजोरी को दूर करना है। सभी बच्चों को साइलेंस जोन, प्रेम, सुख, आनंद इन चारों का जीवन में महत्व बताकर विशेष 4 ग्रुप बनाए गए। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस सत्र को ब्रह्माकुमारी पूजा और मयंक बहन ने भी बच्चों को संबोधित किया।



## सिटी इवेंट

### आपातकालीन से निपटने सीखा फर्स्ट ऐड, मोच आने पर की ठंडी सिकाई



**भिलाई।** फर्स्ट ऐड और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए बच्चों को व्यवहारिक प्रदर्शन कर दिखाया गया। जिसे बच्चों ने रोचकता के साथ सीखा और ऐसी किसी भी आपात स्थिति से लोगो को बचाने शपथ ली। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइंस में सोमवार को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा फर्स्ट एड प्राथमिक उपचार पर ज्ञानवर्धक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें सभी शिक्षक, विद्यार्थी तथा प्राचार्या योगिता शर्मा की उपस्थित रहे। सेमिनार का संचालन फिजिकल एजुकेशन टीचर सौरभ डोंगरे और शिवानी ने किया। दोनों शिक्षकों ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए सांप और कुत्ते के काटने, हृदयाघात, मोच आने, हड्डी टूटने, जलने, रगड़ लगने और नीला पड़ जाने जैसी आकस्मिक स्थितियों पर बरती जाने वाली सावधानियों को सरल भाषा में समझाया।

- फर्स्ट एड सेमिनार एवं आपातकालीन स्थितियों का व्यवहारिक प्रदर्शन

उन्होंने बताया कि मोच आने पर ठंडी सिकाई, जलने पर ठंडे पानी का प्रयोग, हड्डी टूटने पर अंग को स्थिर रखना और नीला पड़ने पर बर्फ की सिकाई करने जैसे छोटे-छोटे कदम चोट की गंभीरता कम कर सकते हैं।

विशेष रूप से विद्यार्थियों ने भी एक्ट कर आपातकाल में सही प्रतिक्रिया और उसका व्यवहारिक प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न दुर्घटनाओं पर आधारित छोटे-छोटे नाट्य दृश्य प्रस्तुत कर यह दिखाया कि किस तरह शांत रहकर सही प्राथमिक उपचार से स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। उनका यह प्रदर्शन न केवल रोचक रहा बल्कि अत्यंत शिक्षाप्रद भी रहा।

प्राचार्या योगिता शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक छात्र के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह किसी भी आकस्मिक स्थिति में जीवनरक्षक की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बच्चों के सक्रिय सहभागिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की।



● 'नवरंग' वार्षिक उत्सव के आयोजन में छात्रवृत्ति की घोषणा, मेधावी छात्रों को मिलेगा पुरस्कार

# रामायण, डिजिटल दुविधा व योग की एकता में दिखाया नए युग का भारत
# नवरंग में राजस्थानी और पंजाबी बॉलीवुड गीतों पर नृत्यों ने जमाया रंग

**भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह नवरंग 2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने शानदार रंगारंग कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिसमें रामायण, हमारा राष्ट्र हमारी शान, डिजिटल दुविधा, योग की एकता, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, महिला सशक्तिकरण पर नाटक और गुजराती-राजस्थानी, पंजाबी गीतों पर बॉलीवुड नृत्यों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसे देख दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों को उत्साह वर्धन किया।**



### 2 लाख से 15 हजार तक दी जाएगी छात्रवृत्ति



समारोह में संस्था के प्रबंधक साजन सुधाकरण ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर एस. सजीव ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि सत्र 2025–26 से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय के. सुधाकरण की स्मृति में स्वर्गीय के. सुधाकरण छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। जिसके अंतर्गत 12वीं में 98 प्रतिशत से अधिक अंक पर 2 लाख, 96 प्रतिशत से अधिक पर 1 लाख और 94 प्रतिशत से अधिक पर 25 हजार रुपये और 10वीं में 98 प्रतिशत से अधिक अंक पर 25 हजार व 96 प्रतिशत से अधिक पर 15 हजार दिए जाएंगे। साथ ही अन्य विशिष्ट उपलब्धियों पर भी पुरस्कार का प्रावधान रहेगा। प्राचार्य अंबली सुगथा ने विद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा ने विद्यालय की शिक्षा पद्धति, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों ने अभिभावकों से बच्चों के साथ समय बिताने के साथ ही भारतीय संस्कृति अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत और गुरु वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने कथा रामायण, हमारा राष्ट्र हमारी शान, डिजिटल दुविधा, योग की एकता, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, महिला सशक्तिकरण विषयक प्रस्तुति, तथा गुजराती-राजस्थानी एवं पंजाबी-बॉलीवुड नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. बीना सजीव, प्रधानाध्यापिका निशि साजन, शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर शाला प्रबधंन द्वारा आगामी सत्र 2025-26 में शाला के 10वीं और 12वीं के मेधावी बच्चों के लिए विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय के. सुधाकरण की स्मृति में स्व के. सुधाकरण छात्रवृत्ति प्रारंभ किये जाने की घोषणा की। जिसके अंतर्गत 2 लाख से लेकर 15 हजार तक विभिन्न कैटेगिरी में छात्रवृत्ति देकर उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। समारोह में छग राज्य मंत्री जितेंद्र कुमार वर्मा, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश भाले और छत्तीसगढ़ निजी विद्यालय प्रबंधन संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैत्री शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था की अध्यक्ष राजम सुधाकरण ने की। समारोह का संचालन निदेशक डॉ. सजीता थंबी, संस्था के प्रबंधक एस. सजीव, एस. साजन और प्राचार्य अंबली सुगथा ने किया।




# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में विजेता राष्ट्रीय स्तर पर लेंगे भाग



**भिलाई।** खेल प्रतियोगिताओं में कोसा नगर स्कूल के बच्चों ने अपना परचम लहराया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में मुंगेली, दुर्ग, बालोद और जगदलपुर में आयोजित की गई। शाला के व्यायाम शिक्षक विजय छलोत्रे ने बताया कि जिसमें 14 वर्ष नेटबॉल बालक-बालिका ने तीसरा स्थान, 17 वर्ष नेटबाल बालक बालिका ने प्रथम स्थान, 19 वर्ष नेटबाल बालक-बालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष जिमनास्टिक में दूसरा स्थान, 14 वर्ष हैंडबॉल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर शाला की प्राचार्य कुसुम दीवान और सभी स्टाफ सहित शाला प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### बीबीएस का ड्राइंग एवं पेंटिंग कॉम्पिटिशन 7 को

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज की बैठक सेक्टर-7 स्थित भवन में आयोजित की गई। इसमें 7 दिसंबर को दुर्ग जिले में ड्राइंग एंड पेंटिंग कॉम्पिटिशन करवाने का निर्णय लिया गया। विजेता प्रतिभागियों को 22 व 23 जनवरी को आयोजित नेताजी सुभाष जयंती और फूड फेस्टिवल के मौके पर सम्मानित जाएगा। राजदीप सेन ने बताया कि दुर्ग-भिलाई में ड्राइंग एवं पेंटिंग कॉम्पिटिशन के लिए करीब 17 सेंटर बनाए गए है। सेक्टर 1 मिलन संघ, सेक्टर 4 बीकेपी, सेक्टर 7 वाटर टेंक डोम शेड, हुडको कालीबड़ी, दुर्ग कालीबाड़ी, स्मृति नगर कालीबड़ी, राधिका नगर कालीबाड़ी, वैशाली नगर कालीबड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सिंधिया नगर कालीबारी दुर्ग, मैत्री नगर दुर्गा मैदान, बोरसी सांस्कृतिक भवन, नेहरू नगर कालीबड़ी, प्रगति नगर हिंदू मिलन मंदिर, चौहान टाउन सहित स्नेह संपदा स्कूल, प्रयास मूक बधिर स्कूल आदि स्थानों में सुबह 9.30 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू की जाएगी। ग्रुप ए में नर्सरी से लेकर कक्षा पहली, ग्रुप बी में कक्षा दूसरी से लेकर कक्षा चौथीं, ग्रुप सी में कक्षा पांचवीं से लेकर कक्षा सातवीं और ग्रुप डी में कक्षा आठवीं से लेकर कक्षा 10वीं के बच्चे शामिल होंगे।

### गर्ल्स कॉलेज में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन, छात्राओं ने दिखाया उत्साह






**भिलाई।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में वन स्टफिंग एंड सोल्यूशन एआई, और पावर एटीएस बेस द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। काउंसलर, टेलीकॉलर, टेलीसेल्स, सोशल मीडिया मैनेजर, वीडियो एडीटर, ग्राफिक डिजाइनर, डेवलपर्स फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव, टीचर्स, आर्किटेक्ट सहित कई एक्टिव जॉब पोजीशन के लिए इंटरव्यू लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजन कैम्पस प्लेसमेंट कर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए पढ़ाई के साथ कुछ धन अर्जित करने, छात्राओं की सुरक्षा के साथ, जीवन में आने वाली कठिनाइयों के प्रति सजग रहने, सेल्फ कॉन्फिडेंस का विकास करने आदि के लिए किया गया था। इस अवसर पर संयोजक डॉ. अनिल जैन, डॉ. अनुजा चौहान, गणेश नायक, डॉ. अल्का उपस्थित रही।

## कार्नर न्यूज

### ब्रजमंडल के श्री राधाकृष्ण मंदिर में गीता जयंती मोक्षदा एकादशी भक्ति भाव से मनाई गई

# श्रीमद भागवद्गीता के 18 अध्याय व गोविंद दामोदर स्त्रोत का पाठ कर मनाई गीता जयंती, निकाली शोभायात्रा

**भिलाई।** ब्रजमंडल सेक्टर 6 भिलाई के श्री राधाकृष्ण मंदिर में सोमवार को परंपरानुसार मोक्षदा एकादशी के अवसर पर गीता जयंती भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भागवत गीता को सिर पर धारण कर मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही श्रीमद भागवद्गीता के संपूर्ण 18 अध्याय और गोविंद दामोदर स्त्रोत का पाठ मंडली द्वारा किया गया। सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर सुबह 8 बजे पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी द्वारा राधा कृष्ण के युगल विग्रह का अभिषेक किया गया। जिसके बाद विशेष साज श्रृंगार कर पुष्पांजलि अर्पित कर, मंत्रोंच्चार द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई।



### भजन-कीर्तन कर गीता जयंती के महत्व पर डाला प्रकाश



शाम को श्रीमद भगवद्गीता के संपूर्ण 18 अध्याय और गोविंद दामोदर स्त्रोत का विधिवत सस्वर पाठ आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में भगवत गीता पाठ में निपुण महिला समिति द्वारा किया गया। इस दौरान भूमिजा बैण्डाले, माधुरी पाटील, दीपक यादव, महावीर टुवानी, शोभा टुवानी, विनय अग्रवाल, राकेश कुमार गुप्ता, आशा इंगले, शकुंतला चोपड़े, लीना भोगे, प्रतिमा मिश्रा माधुरी पाटील, सुलभा भोले, आकृति मिश्रा, कोकिला चौधरी और गायत्री गोस्वामी सहित उपस्थित अन्य श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भगवद्गीता का बताया महात्म्य

गीता जयंती के अवसर पर शाम 5 बजे संस्था के वरिष्ठ सदस्य शील कुमार राघव व पत्नी दीप शिखा राघव द्वारा भगवद्गीता महाग्रंथ को शिरोधार्य कर उपस्थित श्रद्धालुओं सहित मंदिर प्रांगण से गीता शोभायात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे गीता भवन सभागार में आमंत्रित भगवताचार्य पंडित सुनील कुमार द्विवेदी का स्वागत किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा भगवद्गीता का महात्म्य और गीता सार सहित आज के आधुनिक जीवनशैली में गीता की महत्ता पर व्याख्यान दिया गया। जिसके बाद महाआरती की गई। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर ब्रजमंडल के वरिष्ठ सदस्यों समेत अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी, गिरीश गुप्ता, महासचिव सूरज मंगला, अनिल कुमार मित्तल, विरेन्द्र कुमार शर्मा, हरीश कुमार गुहे, प्रदीप कुमार वर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# व्यापारियों की समस्याओं पर किया मंथन, होगी सुविधा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की इस कार्यकाल की दूसरी कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

■ भिलाई चैंबर के अभियानों ने बढ़ाया व्यापारियों का विश्वास : अजय भसीन

चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि व्यापारी अपने व्यापार से जुड़ी चुनौतियों और समस्याओं पर विचार व मंथन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस समय हम गंभीरता से मंथन करेंगे तो इसका परिणाम शीघ्र ही सकारात्मक रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में चैंबर द्वारा चलाए गए अभियानों को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्वदेशी जागरण यात्रा को व्यापारियों और आमजन से उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। इसी तरह स्थानीय बाजारों को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाया गया। आया त्यौहार चलो बाजार को पूरे प्रदेश में सराहा गया। इन अभियानों से व्यापारियों को नई ऊर्जा मिली है और चैंबर की पहचान को छत्तीसगढ़ स्तर पर मजबूत किया। बैठक में वर्तमान समय में व्यापारियों पर थोपे गए ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि इस शुल्क पर पुनर्विचार आवश्यक है। निर्णय लिया गया कि इस विषय पर सरकार से चर्चा करने के लिए चैंबर का एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही मुलाकात करेगा। इस बैठक में भिलाई चैंबर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र, दिनकर बासोतिया, राजेश शर्मा, सुनील मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने और उनके हितों की रक्षा के लिए चैंबर लगातार सक्रिय रहेगा। श्री भसीन ने कहा कि भिलाई चैंबर के अभियान न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना चुके हैं। व्यापारियों ने इन अभियानों को सराहा और चैंबर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। दूसरी कार्यकारिणी बैठक में चैंबर की सक्रियता और व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

● कल्याण कॉलेज और हिंदी-यूएसए समिति के तत्वावधान में हिंदी भाषा-एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर संगोष्ठी

# छग के युवा विदेश में हिंदी के अवसर तलाशें, संभावनाओं की कमी नहीं, प्रशिक्षित अध्यापकों की वहां भी जरुरत

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई और हिंदी-यूएसए समिति की ओर से हिंदी भाषा-एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के हिंदी डिजिटल कक्ष में किया गया। जिसमें अमेरिका में रह रहे भिलाई मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर और हिंदी सेवी मयंक जैन ने हिंदी व पत्रकारिता के विद्यार्थियों-शोधार्थियों से संवाद किया। छात्रसंघ प्रभारी डॉ मणिमेखला शुक्ला की सरस्वती वंदना से इस संगोष्ठी की शुरुआत हुई। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित मयंक जैन ने बताया कि उनकी संस्था हिंदी-यूएसए न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी सहित अमेरिका के बीस शहरों में हिंदी का पाठ्यक्रम संचालित कर रही है। वहां हिंदी के प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी है।




### जीवन की सफलता में हिंदी और संस्कृत की प्रमुख भूमिका

मयंक ने बताया कि उन्होंने प्राइमरी-मिडिल सेक्टर-1 और हायर सेकंडरी की पढ़ाई भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 से हिंदी माध्यम में की और आगे उनकी सफलता में भाषा और संस्कृति की प्रमुख भूमिका रही है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय शर्मा ने कहा है हिंदी भाषा में हमारी संस्कृति रची-बसी है। विद्यार्थियों को अपने करियर को आगे बढ़ाने ऐसे विशेषज्ञों का मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा ने कहा कि व्यक्ति को आज बहुआयामी होना पड़ेगा। एक प्राध्यापक और विद्यार्थियों के पास मूल काम के अलावा भी समय है। समाज को देने का दायित्व भी निभाना चाहिए। उन्होंने भिलाई से अमेरिका जाकर हिंदी की सेवा कर रहे मयंक के योगदान की भी सराहना की।



### हिंदी के वैश्विक परिवेश में भारतवंशियों के दुनियाभर में प्रवास और हिंदी फिल्मों की भूमिका पर चर्चा

लेखक मु जाकिर हुसैन ने हिंदी के वैश्विक परिवेश में भारतवंशियों के दुनिया भर में प्रवास और हिंदी फिल्मों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं लेखक बद्री प्रसाद पारकर ने हिंदी के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्कृत के विद्वान और पूर्व प्राचार्य डॉ महेश चंद्र शर्मा ने अपनी पुस्तकों का एक सेट प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा और हिंदी सेवी मयंक जैन को सौंपा। अतिथियों का स्वागत डॉ फिरोजा जाफर अली, डॉ अंजन कुमार, कैलाश ठाकुर, अंशुल तिवारी और वृंदा जैन आदि ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राध्यापक डॉ अनुराग पांडेय, डॉ एन पापा राव, प्रो अरूणा चौबे, साक्षी तिवारी और मजहर खान सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह का संचालन जितेन्द्र साहू ने किया। अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से मयंक जैन का अभिनंदन किया गया।

### ग्रुप बनाकर काम करें

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को विदेशों में हिंदी में रोजगार के अवसरों की पहचान करनी चाहिए। वे शिक्षण, मीडिया, आईटी आदि क्षेत्रों में रोजगार पा सकते हैं। विद्यार्थियों को समूहबद्ध कार्य करना चाहिए, इसके लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर ग्रुप बनाकर एक दूसरे को सूचना और ज्ञान साझा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेटवर्किंग, क्या करना है और कैसे करना है, अपने करियर के लिए वैश्विक सोच, सही ज्ञान फिर रुचि और फिर नए आइडियाज को पूरी मेहनत से चरितार्थ करना होगा। इन सभी प्रयासो में सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म जैसे की फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि का उपयोग सार्थक सिद्ध हो सकता हैं।

## धर्म लाइव

# डोमशेड का भूमिपूजन कर हुआ भंडारा, मनाई जाएगी दुर्गा पूजा





**भिलाई।** नेताजी सुभाष नवयुवक जागृति समिति लाल मैदान पावर हाऊस में दुर्गा पूजा में मातारानी की स्थापना और आयोजन के लिए डोमशेड बनाने की शुरूआत भूमिपूजन कर की गई। पिछले 55 वर्षों से लालमैदान में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा में समिति दवरा भव्य आयोजन किया जाता है। जिसे ध्यान में रखते हुए वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन द्वारा मातारानी के शारदीय नवरात्र उत्सव के लिए मुख्य भव्य डोमशेड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। समिति पिछले एक दशक से लालमैदान में भव्य डोमशेड की मांग को लेकर लगभग सभी जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष प्रयासरत थी जो आज पूरा हुआ। लालमैदान में भव्य डोमशेड निर्माण हो जाने से न केवल शारदीय नवरात्र उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को लाभ होगा अपितु विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक,शासकीय,धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसका लाभ सभी को देखने मिलेगा। भूमिपूजन का कार्यक्रम समिति के आचार्य बृजवासी महाराज द्वारा पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। जिसमें समिति के प्रभारी,अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, संरक्षक सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन

# सेल के लिए दूरदर्शी और अनुपालन-आधारित एचआर प्रथाओं को अपनाना जरूरी : कृष्ण सिंह

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल की एकीकृत इस्पात संयंत्रों आईएसपी के मानव संसाधन एचआर प्रमुखों की दो-दिवसीय बैठक की शुरुआत सोमवार को भिलाई निवास में हुई। उद्घाटन समारोह के अवसर पर निदेशक सेल कृष्ण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर दो-दिवसीय हेड्स ऑफ एचआर मीट का औपचारिक शुरुआत की। उन्होंन चर्चा के दौरान कहा कि सेल के लिए आवश्यक है कि वह दूरदर्शी और अनुपालन-आधारित एचआर प्रथाओं को अपनाए।



बैठक के दौरान कार्यबल के अनुकूलन, एचआर प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल और हरित प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ ही आगामी वर्षों के लिए सामरिक एचआर प्राथमिकताओं को निर्धारित करने पर चर्चा की गई।

समारोह में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, सेल के विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों के एचआर प्रमुखों में कार्यपालक निदेशक राजीव पाण्डेय, राजश्री बनर्जी, तरुण मिश्रा, सुष्मिता राय उपस्थित थे। बीएसपी से एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, कमल भास्कर, अरुण कुमार सहित अनेक मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारियों तथा बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि इस्पात उद्योग तेज़ तकनीकी परिवर्तनों, ऊर्जा नीतियों की वैश्विक दिशा, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलती कार्यबल अपेक्षाओं के कारण एक रूपांतरणीय दौर से गुजर रहा है। आने वाले समय में केंद्र सरकार के नए श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से कार्यस्थल प्रबंधन का एक नया और प्रगतिशील युग प्रारंभ होगा। ऐसे में सेल के लिए आवश्यक है कि वह दूरदर्शी और अनुपालन-आधारित एचआर प्रथाओं को अपनाए। चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि सेल की सभी इकाइयों के एचआर नेतृत्व के लिए आवश्यक है कि वे उभरते मुद्दों को समझें, प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करें और सामूहिक रूप से आगे की दिशा तय करें।

## सारंग-2025 का आयोजन

# गणेश वंदना और हनुमान चालीसा में दिखाई भक्ति, बॉलीवुड गानों में भी थिरके बच्चे

**भिलाई।** इंदू आईटी स्कूल कोहका भिलाई में वार्षिक उत्सव सारंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत गणेश वंदना और हनुमान चालीसा से की गई। जिससे कार्यक्रम स्थल भक्तिमय बन गया। इसके बाद शैकी–शैकी, हैप्पी लिटिल स्टार्स, मोबाइल एडिक्शन और रेट्रो डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन, प्रबंध संचालक एस. एम. उमक, मीनल उमक, सचिव सारंग उमक, वैष्णवी, प्राचार्या इंदुलेखा विजय सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। विधायक रिकेश सेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ साथ संस्कृति और संस्कार भी सिखाये जाते हैं। अच्छे रिजल्ट के लिए उन्होंने टीचर्स को बधाई दी। उन्होंने माता पिता से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों को अपने जीवन के संघर्ष के बारे में जरूर बताए। बच्चे जब घर पहुंचते है तो उन्हें शिक्षा के साथ साथ संस्कृति तथा संस्कार भी दें। इसके बाद प्राचार्या इंदुलेखा विजय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद और सह शैक्षणिक उपलब्धियों को बताया। जिसके बाद नवदुर्गा, सॉन्ग प्रेजेंटेशन, मोटिवेशनल डांस, स्कूल थीम और भावनाओं से परिपूर्ण प्रस्तुति रियल ब्लेसिंग जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। गंभीर और विचारोत्तेजक कार्यक्रम वॉइस ऑफ द अनहर्ड, ऊर्जामय महाभारत थीम और भक्तिरस से ओत–प्रोत हनुमान चालीसा ने समारोह में गहराई और सार्थकता का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान 10वीं से 12वीं के टॉपर्स, नीट व जेईई छात्र, खेल प्रतिभाएं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का समापन रंग बिरंगी प्रस्तुतियों बस्तर थीम डांस, केरल थीम, पपेट डांस, अंग्रेज़ी स्किट बुली टू बडी, ऊर्जा से भरपूर भांगड़ा तथा आकर्षक फैशन फ्रेंज़ी के साथ हुआ।

# जिला साहू संघ त्रिवार्षिक चुनाव का नामांकन आज, चुनाव 7 को

**दुर्ग।** दुर्ग जिला साहू संघ त्रिवार्षिक चुनाव का नामांकन 2 दिसंबर को साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में जमा किया जाएगा। इसमें अध्यक्ष के लिए एक पद, उपाध्यक्ष दो पद, एक पुरूष एवं एक पद महिला, संगठन सचिव दो पद एक पुरूष एवं एक महिला पदों के लिए चुनाव होना है। चुनाव अधिकारियों द्वारा नामांकन फार्म का वितरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 तक किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच 12.30 से 1.30 दोपहर तक, नाम वापसी 1.45 दोपहर से शाम 4 बजे तक होगी। इसके बाद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। 7 दिसंबर को चुनाव आयोजित है। चुनाव लड़ने के लिए जिला साहू संघ का आजीवन सदस्य होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा जे.पी. साहू अधिवक्ता, देवेंद्र साहू अधिवक्ता, पी आर सार्वा अधिवक्ता, शशिकांत साहू अधिवक्ता को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

# विकास दिलीवार को मिली पीएचडी की उपाधि, एनआईटी में होंगे सम्मानित

**भिलाई।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर द्वारा विकास दिलीवार को सूचना प्रौद्योगिकी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। विकास दिलीवार ने अपना शोध कार्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मृदु साहू के मार्गदर्शन में किया। शोध का मौखिक परीक्षा के बाद अगले दीक्षांत समारोह में अपनी पीएचडी उपाधि ग्रहण करेंगे।



## खिताब अपने नाम किया सुपर सीनियर में बीआर ढोके व सब जूनियर ग्रुप में गौरव देवांगन

# सुपर सीनियर ग्रुप के तीन में लगातार दो सेट जीतकर बने विजेता, जूनियर में गौरव ने जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के ओपन बैडमिंटन ग्राउंड में खेले गए अटल बिहारी वाजपेयी बैडमिंटन के फायनल मैच में सुपर सीनियर ग्रुप में बीआर ढोके और सब जूनियर ग्रुप में गौरव देवांगन ने चैंपियनशिप जीत ली है। सुपर सीनियर ग्रुप में ढोके ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन सेटों में से लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी जीके पिल्लै को 21-14 और 22-20 के स्कोर से पराजित किया। पिल्लै ने दूसरे सेट में वापसी की भरपूर कोशिश की, लेकिन अंतिम क्षणों में ढोके उन पर भारी पड़ गए।





### मैच के अन्य परिणाम

उधर सब जूनियर ग्रुप में गौरव देवांगन ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में रक्षित कांबले को 21-15, 18-21 तथा 21-19 के स्कोर से हरा दिया। सबसे ज्यादा रोमांच इसी मैच में देखने को मिला। इस मैच में कांबले ने देवांगन को कड़ी टक्कर दी। दूसरी ओर बालक वर्ग के सब जूनियर के एक अन्य फायनल मैच में तरुण ने विख्यात को 21-12 तथा 21-13 के स्कोर से आसानी से पराजित कर दिया। सब जूनियर ग्रुप में सेमीफाइनल मैच तरुण और अंशुमन के बीच खेला गया था, जिसमें तरुण विजयी रहे, जबकि तरुण और प्रियांश सिंह दक्ष के बीच हुई भिड़ंत में प्रियांश को कामयाबी मिली।

### विजेताओं को विधायक ने दिए कप और मैडल

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए खास तौर पर मौजूद थे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को कप और मैडल भी प्रदान किए। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न और प्रदेश के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे पहले एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर राम देशमुख, संयोजक ओपी मिश्रा, भूतपूर्व उपाध्यक्ष असीम सिंह, आयोजकों महेश विश्वकर्मा, गजानन अवचट तथा रवींद्र देवांगन ने विधायक चंद्राकर और पार्षद सविता ढवस का आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही बैडमिंटन अकादमी और बी ब्लॉक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में महीने भर से चली आ रही प्रतियोगिता का समापन हो गया।

ज्योतिष

## 12 महीने बाद बनेगा बुध व शुक्र का दुर्लभ संयोग, इनकी चमक सकती है किस्मत



वैदिक पंचांग के अनुसार 29 दिसंबर को धनु राशि में शुक्र और बुध का संयोग बनेगा। ऐसे में इस संयोग का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिनको इस समय आकस्मिक धनलाभ और करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। साथ ही भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। वहीं तनावमुक्त रहेंगे।

**धनु राशि :** यह संयोग आपकी राशि से प्रथम स्थान पर बनेगा। इसलिए इस दौरान आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। साथ ही आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। वहीं सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव में वृद्धि होगी। इस अवधि में शादीशुदा लोगों का दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा। साथ ही जीवनसाथी की इस समय तरक्की हो सकती है। वहीं अविवाहित लोगों की रिश्ता पक्का हो सकता है। इसी के चलते मन प्रसन्न रहेगा और जीवन में खुशहाली आएगी।

**कुंभ राशि :** यह संयोग आपकी राशि के इनकम और लाभ स्थान पर बनेगा। इसलिए इस दौरान आपकी इनकम में जबरदस्त इजाफा होगा। साथ ही धन का आगमन अच्छा रहेगा। वहीं आमदनी बढ़ने से रुपए की चिंता खत्म होगी। वहीं आपको इस समय निवेश से लाभ के योग बन रहे हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि और करियर में ग्रोथ मिलने की भी संभावना है। वहीं बुध ग्रह के प्रभाव से आपको इस समय शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में लाभ हो सकता है।

**कन्या राशि :** यह संयोग आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही आप कोई वाहन और प्रापर्टी खरीदने की सोच सकते हैं। वहीं आपको अपने जरूरी कार्यों में सफलता मिलेगी और व्यावसायिक क्षेत्र में भी उन्नति के मार्ग मिलेंगे। सामाजिक क्षेत्र में आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साथ ही आपको पैतृक संपत्ति और धन की प्राप्ति हो सकती है। वहीं माता और ससुरालीजनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

## 50 साल बाद इन राशियों पर रहेगी सूर्य और शुक्र देव की विशेष कृपा



ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक दिसंबर में ग्रहों के राजकुमार बुध और ग्रहों के राजा सूर्य धनु राशि में स्थित रहेंगे। वहीं इसके बाद मंगल और शुक्र भी सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे धनु राशि में चतुर्ग्रही योग बनेगा। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही आय में वृद्धि और नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। वहीं मन प्रसन्न रहेगा।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए चतुर्ग्रही योग अनुकूल सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर बनेगा। इसलिए इस दौरान आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आप कोई धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। वहीं आप काम- कारोबार के संबंध से यात्रा कर सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी उन्नति के मार्ग मिलेंगे। अधिकारों में वृद्धि होगी और जीवन में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। साथ ही इस दौरान छात्रों का विदेश में जाकर पढ़ाई करने की मुराद पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** यह योग आपकी राशि से धन भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आपके व्यक्तित्व में निखार होगा। वहीं विवाहित जातकों के भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और घर में शांति का माहौल कायम रहेगा। वहीं रुका हुआ पैसा मिलेगा और निवेश भी लाभदायक रहेगा। साथ ही इस समय आपकी वाणी में निखार आएगा।

**मीन राशि :** यह योग आपकी राशि से कर्म भाव पर बनेगा। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में विशेष तरक्की मिलेगी। वहीं नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर जूनियर और सीनियर का साथ मिलेगा। साथ ही प्रमोशन मिलने और कमाई बढ़ने के योग भी बने हुए हैं, जिससे मन खुश रहेगा। वहीं व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही कोराबार का विस्तार कर सकते हैं।

### तासीर गर्म जो ठंड में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते हैं

# सर्दियों में शरीर को गर्म और हेल्दी रखेंगे ये फल, जो ठंड में देंगे जबरदस्त एनर्जी

सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी डाइट में ऐसी चीजें शामिल करने लगते हैं, जो शरीर को अंदर से गर्माहट दें और ठंड से बचाव करें। इस मौसम में जहां गुनगुने सूप और सूखे मेवे का सेवन बढ़ जाता है, वहीं कुछ फल ऐसे भी हैं जिनकी तासीर गर्म होती है और जो ठंड में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते हैं। आमतौर पर लोग मानते हैं कि फल ठंडी तासीर के होते हैं, लेकिन सर्दियों में कुछ खास फलों को डाइट में शामिल करने से न केवल शरीर गर्म रहता है बल्कि विटामिन, मिनरल और फाइबर की कमी भी पूरी होती है। आइए जानते हैं ऐसे फलों के बारे में जिन्हें इस मौसम में जरूर खाना चाहिए।



### अंजीर

सर्दियों में अंजीर का सेवन शरीर को गर्माहट देता है। इसे ताज़ा या सूखा दोनों रूपों में खाया जा सकता है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के अनुसार, अंजीर में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, फॉस्फोरस, जिंक, कॉपर, मैग्नीज, आयरन और विटामिन सी व बी कॉम्प्लेक्स की अच्छी मात्रा होती है। यह पाचन को दुरुस्त रखता है और इम्युनिटी को मज़बूत करता है।

### खजूर

खजूर की तासीर गर्म होती है और यह सर्दी में शरीर को तुरंत एनर्जी देता है। इसे दूध में उबालकर पीना बेहद फायदेमंद रहता है। रातभर भिगोकर सुबह खाली पेट खजूर खाने से पाचन सुधरता है और थकान दूर होती है। खजूर में आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन बी6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आप चाहें तो खजूर और ड्राई फ्रूट्स के लड्डू बनाकर भी खा सकते हैं।

### चीकू

चीकू का स्वाद जितना मीठा होता है, उसके फायदे भी उतने ही बेहतरीन हैं। इसकी तासीर गर्म होती है और यह विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, कॉपर, आयरन और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत है। सर्दियों में इसका सेवन पाचन तंत्र को मज़बूत बनाता है और थकान दूर करता है।

### पपीता

पपीते की तासीर भी गर्म होती है। यह सर्दियों में पाचन को दुरुस्त रखने के साथ त्वचा को भी हेल्दी बनाए रखता है। इसमें विटामिन सी, प्रोटीन, फोलेट, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। नियमित रूप से पपीता खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और सर्दी-जुकाम से बचाव होता है।

### फलों को खाने का समय दिन में बेहतर

सर्दियों में इन फलों को दिन में या दोपहर के समय खाना सबसे बेहतर होता है। ठंडी रातों में इनका सेवन सीमित मात्रा में करें ताकि पाचन पर असर न पड़े। सही डाइट और मौसमी फलों का सेवन न सिर्फ शरीर को ठंड से बचाता है बल्कि पूरे सीजन में ऊर्जा और तंदुरुस्ती बनाए रखता है।

## सर्दियों में स्वेटर पर आने वाले रोएं को हटाने जानें आसान घरेलू उपाय

सर्दियों का मौसम आते ही अलमारी नए–नए स्वेटरों से भर जाती है, लेकिन इन पर आने वाले रोएं पूरी लुक खराब कर देते हैं। छोटे-छोटे फाइबर बॉल्स स्वेटर को पुराना और डल दिखाने लगते हैं। अगर आपके पसंदीदा स्वेटर पर भी लिंट जम गया है, तो चिंता न करें। कुछ आसान घरेलू टिप्स से इसे मिनटों में साफ किया जा सकता है।



स्वेटर से रोएं हटाने के आसान और कारगर उपाय।

**लिंट रिमूवर ब्रश का इस्तेमाल करें :** मार्केट में मिलने वाला लिंट रिमूवर सबसे आसान और सुरक्षित विकल्प है। स्वेटर को फ्लैट सतह पर रखें। ब्रश को हल्के हाथों से ऊपर से नीचे की दिशा में चलाएं। कुछ ही मिनटों में फाइबर बॉल्स हट जाएंगे और स्वेटर फिर से नया दिखने लगेगा।

**रेजर से हटाएं लिंट :** रेजर लगभग हर घर में मौजूद होता है और इससे लिंट आसानी से निकल जाता है। स्वेटर को टेबल पर फैलाकर रखें। बहुत हल्के हाथों से एक ही दिशा में रेजर चलाएं। ध्यान रखें कि जोर से चलाने पर कपड़ा कट सकता है, इसलिए धीरे-धीरे साफ करें।

**फैब्रिक शेवर का उपयोग करें :** फैब्रिक शेवर बैटरी पर चलता है और लिंट हटाने का एक प्रोफेशनल तरीका है। इसे चलाना आसान होता है और यह जल्दी काम करता है। इस्तेमाल के बाद इसकी सफाई करना जरूरी है, ताकि अगली बार भी यह अच्छे से काम करे।

स्वेटर पर रोएं दोबारा न आएं इन बातों का रखें ध्यान

बड़े दांतों वाली कंघी या ब्रश का इस्तेमाल। हल्के हाथों से ट्राई करें, ये भी लिंट साफ करने में मददगार है। स्वेटर को उल्टा करके रखें। इससे कपड़ा रगड़ से बचेगा और लिंट बनने की संभावना कम होगी।

**हार्ड वॉशिंग पाउडर व मशीन वॉश से बचें :** कपड़ों पर ज्यादा केमिकल पड़ने से फाइबर जल्दी टूटता है और लिंट बनता है। गर्म कपड़ों के लिए बने स्पेशल डिटर्जेंट का ही उपयोग करें। अगर मशीन में धोना जरूरी हो तो जेंटल मोड पर ही धोएं और स्वेटर को लॉन्ड्री बैग में डालें। थोड़ी सी सावधानी और सही तरीके अपनाकर स्वेटर पर आने वाले रोएं आसानी से हटाए जा सकते हैं और भविष्य में उनसे बचा भी जा सकता है। इन आसान घरेलू उपायों से आपके स्वेटर पूरी सर्दी नए जैसे और स्मार्ट दिखेंगे।

## सर्दियों में बादाम या अंजीर, खाली पेट क्या खाना है ज्यादा फायदेमंद?

सर्दियों का मौसम आते ही शरीर को अतिरिक्त गर्माहट और पोषण की जरूरत पड़ने लगती है। ऐसे में लोग ऐसी चीजें खाने की कोशिश करते हैं जो शरीर को अंदर से गर्म रखें और इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं। नट्स, खासकर बादाम, अंजीर, किशमिश और छुहारा, ठंड में ऊर्जा और गर्माहट देने के लिए बेहतरीन माने जाते हैं। इनमें से बादाम और अंजीर सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं, लेकिन अक्सर लोग यह तय नहीं कर पाते कि खाली पेट किसका सेवन ज्यादा फायदेमंद है। ऐसे में आपकी उलझन दूर करने के लिए यहां हम विशेषज्ञ की राय, दोनों के न्यूट्रिशन और फायदे विस्तार से समझने जा रहे हैं।

अंजीर आयरन का बेहतरीन सोर्स

अंजीर पोषक तत्वों का खजाना है और खासकर आयरन से भरपूर होता है। इसकी तासीर गर्म मानी जाती है, इसलिए यह सर्दी के मौसम में खास फायदेमंद माना जाता है।

अंजीर के प्रमुख फायदे

आयरन से भरपूर होने के कारण एनीमिया वालों के लिए बेहद लाभकारी। पाचन शक्ति बढ़ाने में मदद। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में सहायक। एंटीऑक्सीडेंट की अधिकता शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती है। रेस्पिरेटरी सिस्टम को



मजबूत बनाने में सहायक। अंजीर में फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन बी, विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं।

बादाम फाइबर और हेल्दी फैट्स का पावरहाउस

बादाम को सुपरफूड कहा जाता है क्योंकि इसमें कई तरह के जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह भी गर्म तासीर वाले नट्स में शामिल है और सर्दियों में शरीर को ताकत देने के लिए बेहद फायदेमंद है।

बादाम के प्रमुख फायदे

पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता, जिससे वेट कंट्रोल में मदद। याददाश्त बढ़ाने में सहायक। विटामिन ई से भरपूर, जो स्किन व बालों के लिए फायदेमंद। ऊर्जा बढ़ाने में मदद, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में उपयोगी बादाम में फाइबर, प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है।



## किसी के यहां डिनर पर जा रहे हैं, इन बातों का रखें ध्यान तभी छोड़ पाएंगे अच्छा प्रभाव

डिनर किसी भी खास मौके का एक अहम हिस्सा होता है। इस दौरान कई बार हमें कुछ ऐसी बातें पता नहीं होतीं, जो हमें दूसरों के सामने अच्छा प्रभाव छोड़ने में मदद कर सकती हैं। आइए आज हम आपको डिनर से जुड़ी कुछ ऐसी जरूरी बातें बताते हैं, जिनसे आप शायद ही वाकिफ हों। इनसे न केवल आप अच्छा प्रभाव छोड़ पाएंगे, बल्कि आप दूसरों के सामने असहज भी महसूस नहीं करेंगे।

**कपड़ों का चयन हो सही :** डिनर के लिए कपड़े चुनते समय सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि कपड़े साफ-सुथरे होने चाहिए, वहीं कपड़ों का रंग और डिजाइन भी साधारण होना चाहिए। अगर आप किसी खास जगह पर डिनर करने जा रहे हैं तो वहां के माहौल को देखते हुए कपड़े चुनें।उदाहरण के लिए अगर आप किसी महंगे रेस्टोरेंट में जा रहे हैं तो वहां की पोशाक के अनुसार कपड़े पहनें।



**समय का रखें ध्यान :** डिनर पर पहुंचने का समय बहुत अहम होता है। अगर आप किसी खास जगह पर डिनर के लिए जा रहे हैं तो समय पर पहुंचना जरूरी है। समय पर पहुंचने से आप न केवल अपने मेहमानों का सम्मान करते हैं, बल्कि आपको वहां के माहौल को समझने और आनंद लेने का भी मौका मिलता है। अगर आप देर से पहुंचते हैं तो आपके लिए वहां के माहौल को समझना और इसका मजा लेना मुश्किल हो सकता है।

**मोबाइल का करें इस्तेमाल कम :** डिनर के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल कम करना चाहिए। मोबाइल फोन को टेबल पर रखना या उसका बार-बार देखना आपके मेहमानों को असहज महसूस करा सकता है। अगर जरूरी हो तो थोड़ी देर के लिए मोबाइल को चुप मोड पर रख दें और कोशिश करें कि आप उसे कम से कम इस्तेमाल करें। इससे आप अपने मेहमानों के साथ पूरी तरह से समय बिता पाएंगे और उनका पूरा ध्यान दे पाएंगे।

### खाने से पहले टेबल सेटअप को समझें

खाने से पहले टेबल सेटअप को समझना बहुत जरूरी होता है। अगर आप किसी महंगे रेस्तरां में डिनर के लिए जा रहे हैं तो वहां की टेबल सेटअप को ठीक से समझ लें। यह जान लें कि किस कांटे-चम्मच का इस्तेमाल कब करना है और किस प्लेट का इस्तेमाल करना है। इसके अलावा यह भी जान लें कि खाने के दौरान क्या-क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

### ध्यान से बातचीत करें

डिनर के दौरान बातचीत करना भी अहम होता है। कोशिश करें कि आप अपने मेहमानों से हल्की-फुल्की बातें करें और उन पर ध्यान दें। अगर कोई मजेदार कहानी सुनाएं या किसी रोचक विषय पर चर्चा करें तो माहौल खुशनुमा रहेगा। इससे न केवल आपका समय अच्छा गुजरेगा बल्कि आपके मेहमान भी खुश रहेंगे और आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपने डिनर को यादगार बना सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### सस्ता, हेल्दी और एनर्जेटिक विकल्प है, जो हर आयु वर्ग के लिए उपयुक्त

# सर्दियों में गुड़ और चना एक साथ खाना हर आयु वर्ग के लिए कितना फायदेमंद...?

सर्दियों के आते ही लोग अपनी दिनचर्या और खानपान में कई बदलाव करते हैं। कम तापमान के कारण शरीर को अधिक ऊर्जा और गर्माहट की जरूरत होती है, जिसे पूरा करने के लिए पारंपरिक भारतीय भोजन में कई ऐसे संयोजन शामिल किए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। ऐसा ही एक लोकप्रिय और पोषक स्नैक है गुड़ और चना। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक यह कॉम्बिनेशन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह सस्ता, हेल्दी और एनर्जेटिक विकल्प है, जो हर आयु वर्ग के लिए उपयुक्त है। अक्सर लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या वास्तव में गुड़ और चना एक साथ खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है? क्या इसे रोजाना सर्दियों में खाने से शरीर को लाभ मिलता है या यह सिर्फ एक परंपरा है? आइए, इस लेख में एक्सपर्ट की राय के साथ इन दोनों फूड्स के फायदे जानते हैं।



### गुड़ और चना के पोषक तत्व

गुड़ और चना दोनों ही पोषक तत्वों की दृष्टि से बेहद समृद्ध हैं। गुड़ में पाए जाते हैं आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट, प्राकृतिक मिठास होती है जो सेहत के लिए हेल्दी होता है। वहीं चनें की बात करें तो ये प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है इसमें मौजूद होता है उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन, विटामिन बी ग्रुप, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, फाइबर जैसे कई मिनरल्स पाए जाते हैं। इन दोनों का संयोजन शरीर को ऊर्जा देने, गर्माहट पहुंचाने और पोषण की पूर्ति करने में बेहद उपयोगी है।

### एक्सपर्ट की रायः गुड़-चना सबसे अच्छा स्नैक

जयपुर की आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार सर्दियों में गुड़ और चना एक साथ खाना स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी होता है। यह शरीर को गर्म रखता है, कमजोरी दूर करता है और पूरे दिन एनर्जी बनाए रखता है। प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की वजह से ये कॉम्बिनेशन शरीर के लिए सुपरफूड माना जाता है। इसे बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी बिना किसी दिक्कत के खा सकते हैं।

### इम्यूनिटी को करे मजबूत

सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में रोजाना थोड़ी मात्रा में गुड़-चना खाने से सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण से बचाव होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की इम्यूनिटी को प्राकृतिक तरीके से मजबूत बनाते हैं।

### खून की कमी दूर करने में सहायक

गुड़ आयरन का उत्कृष्ट स्त्रोत है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाने में मदद करता है। नियमित सेवन करने से एनीमिया के खतरे को कम करता है। शरीर में खून की कमी को दूर करता है और थकान को कम करता है।

### हड्डियों और मांसपेशियों को बनाएं मजबूत

गुड़ में मौजूद कैल्शियम और चने का प्रोटीन मिलकर हड्डियों को मजबूती, मांसपेशियों को ताकत, शरीर को संपूर्ण ऊर्जा प्रदान करते हैं। सर्दियों में यह कॉम्बिनेशन कमजोरी और सुस्ती दूर करने में भी बेहद असरदार है।



### पाचन को बेहतर बनाए

चना फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद करता है। वहीं गुड़ प्राकृतिक रूप से पाचन सुधारने में सहायक होता है। दोनों का सेवन कब्ज, गैस और अपच से राहत देता है। पेट साफ रखने में मदद करता है। पेट को हल्का और स्वस्थ महसूस कराता है। यह फायदा सिर्फ सर्दियों में ही नहीं, गर्मियों में भी मिलता है।

### गुड़ चना साइंस-आधारित हेल्दी कॉम्बिनेशन

गुड़ और चना केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक साइंस-आधारित हेल्दी कॉम्बिनेशन है, जिसे सर्दियों में जरूर शामिल करना चाहिए। यह शरीर को गर्म रखता है, ऊर्जा देता है, हड्डियों को मजबूत बनाता है, खून की कमी दूर करता है और इम्यूनिटी बढ़ाता है। अगर आप सर्द मौसम में स्वास्थ्य को बेहतर रखना चाहते हैं, तो रोजाना एक मुट्ठी भुने चने के साथ गुड़ जरूर खाएं ये छोटी-सी आदत आपको बड़े फायदे दे सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# क्यों जेम्स हैं क्रिस्टोफर के भी आगेः आधुनिक सिनेमा की 5 दमदार वजहें



दुनिया इस साल के सबसे बड़े सिनेमाई आयोजन जेम्स कैमरून की अवतारः फायर एंड ऐश का इंतज़ार कर रही है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक वैश्विक घटना बनने जा रही है जो क्रिसमस पर पूरी दुनिया को अपनी ओर खींच लेगी. इसी ऐतिहासिक उत्साह के बीच हॉलीवुड में एक पुरानी बहस फिर तेज हो जाती हैः जेम्स कैमरून बनाम क्रिस्टोफ़र नोलन. दोनों ही असाधारण निर्देशक हैं, लेकिन जब बात आती है कल्पना की सीमाएं तोड़ने, तकनीकी क्रांति खड़ी करने और ऐसी फिल्में रचने की जिन्हें दर्शक घटना की तरह जीते हैं, जेम्स कैमरून का कद कहीं अधिक विशाल दिखाई देता है। जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है। परफॉर्मेंस कैप्चर, उन्नत 3D, पानी के भीतर फिल्मांकन की तकनीक, सीजीआई के नए मानक आज इंडस्ट्री जिन तकनीकों पर चलती है, उनमें से अनेक की शुरुआत कैमरून ने की।

### टॉलीवुड

# ऑडिशन देने पहुंची थी हीरोइन फिर रोते हुए वापस लौटी थी घर



हीरोइन महेश बाबू की फिल्म के ऑडिशन में गईं और रोते हुए वापस लौटी थी। इस घटना को एक्ट्रेस ने हाल ही में साझा किया, जो अब चर्चा का विषय बन गया है। यह एक्ट्रेस साउथ इंडियन सिनेमा, खासकर तमिल फिल्मों की जानी-मानी स्टार रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना साल 1998 में हुई थी।हम जिनकी बात रह रहे हैं, उनका नाम है समीरा रेड्डी। उन्होंने तमिल में सूर्या और अजीत जैसे सितारों के साथ काम किया है। उन्हें गौतम मेनन की फिल्म 'वरणम आयिरम' से सूर्या के साथ काम करके तमिल दर्शकों के बीच पहचान मिली थी। अपनी पहली ही फिल्म में शानदार अभिनय से उन्होंने दर्शकों के दिल में जगह बना ली थी। अजीत के साथ 'असाल' फिल्म में नजर आईं समीरा रेड्डी ने फिर से गौतम मेनन की 'नडुनिसी नायकल' में भी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया। हाल ही में एक इंटरव्यू में समीर रेड्डी ने किस्सा बताया। उन्होंने कहा, 'यह मेरा पहला फिल्म ऑडिशन था, जो 1998 में हुआ था. उस समय महेश बाबू की फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था. उस दिन मुझे बहुत डर लग रहा था। इसलिए ठीक से एक्टिंग नहीं कर पाई. रोते हुए घर लौट आई। इसके बाद हिम्मत जुटाकर एक म्यूजिक एल्बम में काम किया। कुछ समय पहले समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर ट्रेडिशनल आउटफिट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने बताया कि ये तस्वीरें 1998 में महेश बाबू की फिल्म के ऑडिशन के लिए ली गई थीं. उस दिन डर के कारण वे ठीक से एक्टिंग नहीं कर पाईं और रोते हुए घर लौट आई थीं।

### भोजपुरी

# पहली भोजपुरी फिल्म, 62 साल मनाई थी सिल्वर जुबली और ये रिकॉर्ड




यहां आपको भोजपुरी सिनेमा की पहली फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसने 62 साल पहले इतिहास रच दिया था। फिल्म इतनी हिट थी कि लोग दूर-दूर से इसे देखने पहुंचे थे। टिकट नहीं मिलता था तो रातभर वहीं रुक जाते और अगले दिन फिल्म देखकर जाते थे। बॉलीवुड से लेकर साउथ में ऐसी कई फिल्में भरी पड़ी हैं, जिन्होंने कमाई के रिकॉर्ड बनाए, तो कुछ ऐसे कीर्तिमान भी स्थापित किए, जो आज तक नहीं टूट पाए। कई ऐसी फिल्में रहीं, जिन्होंने सिल्वर जुबली और गोल्डन जुबली बनाई। वहीं कुछ ऐसी फिल्में भी रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोग बैलगाड़ियां और ट्रैक्टर में भरकर भी पहुंच जाते थे और थिएटर के बाहर चप्पलें उतारकर फिल्म देखते थे। ऐसी ही एक फिल्म भोजपुरी सिनेमा की भी रही, जिसने 62 साल पहले ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया कि सब देखते रह गए। भोजपुरी सिनेमा की शुरुआत देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के दिए हौसले के बाद एक्टर नजीर हुसैन ने की थी। वो ही भोजपुरी सिनेमा की पहली फिल्म में नजर भी आए थे, और इसने बंपर कमाई की थी। जानते हैं कि यह फिल्म कौन सी है? इस फिल्म का नाम है 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़ैबो', जिसे कुंदन कुमार ने डायरेक्ट किया था। यह साल 1963 में रिलीज हुई थी, और इसमें नजीर हुसैन के अलावा कुमकुम और आशिम कुमार जैसे कलाकार थे। इस फिल्म के गाने लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाए थे। 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़ैबो' की कहानी लेखक आचार्य शिवपूजन सहाय की शॉर्ट स्टोरी 'कहानी का प्लॉट' पर आधारित थी। 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़ैबो' को 22 फरवरी 1963 को पटना के वीणा सिनेमा में रिलीज किया गया था, और तब इसे देखने के लिए लोग बैलगाड़ियों में भरकर पहुंचे थे। बताया जाता है कि फिल्म का टिकट नहीं मिलता था तो लोग सिनेमाघर के पास ही रात बिताने रुक जाते थे और तब अगले दिन फिल्म देखते थे। इस फिल्म का म्यूजिक और गाने इतने हिट हो गए थे कि हर गली-नुक्कड़ पर सुनाई देते थे।

## लाइफ स्टाइल

### रितु की ड्रेस में लगीं क्वीन

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने लॉस एंजेलिस में लिली सिंह की ऐनुअल दिवाली पार्टी में जो लुक कैरी किया, उसने इंटरनेट पर धमाल मचा दिया। भूमि ने पहना था डिजाइनर रितु कुमार का लेटेस्ट कूट्योर कलेक्शन 2025 से ज़रदोज़ी स्कर्ट-जैकेट सेट, जो इस शादी सीजन में ब्राइड्समेड्स और वेडिंग गेस्ट्स के लिए बेस्ट फैशन इंस्पिरेशन बन गया है। गोल्ड और नेवी ब्लू शेड के साथ वर्मिलियन (लाल-नारंगी) टच वाले इस क्रॉप जैकेट पर ज़रदोज़ी एम्ब्रॉयडरी की गई थी, जो देखने में बेहद रॉयल लग रही थी।



# सर्दी के मौसम में आप चुन सकती हैं इन रंगों वाली नेल पॉलिश, हाथ लगेंगे सुंदर

महिलाएं जितना ध्यान अपने चेहरे के मेकअप पर देती हैं, उतना ही ख्याल अपने नाखूनों का भी रखती हैं। वे हर आउटफिट के साथ मेल खाती हुई नेल पॉलिश लगाती हैं, जो हाथों की खूबसूरती को बढ़ा देती हैं। हालांकि, रोजाना कपड़ों के हिसाब से नेल पॉलिश बदलने से बेहतर होता है मौसम के मुताबिक नेल पॉलिश चुनना। आज के मेकअप टिप्स में जानिए सर्दी के मौसम में किन रंगों वाली नेल पॉलिश का चलन रहने वाला है।

### बरगंडी या चेरी लाल

सर्दी के मौसम में गहरे रंगों का ज्यादा चलन रहता है। इस दौरान लाल के गहरे शेड सबसे ज्यादा प्रचिलित रहते हैं। ऐसे में आपको अपने नाखूनों पर बरगंडी या चेरी लाल रंग की नेल पॉलिश लगानी चाहिए। बरगंडी रंग की नेल पॉलिश में भूरे और काले रंगों का भी स्पर्श आता है, जो हाथों को और भी सुंदर दिखा सकता है। वहीं, चेरी लाल रंग की नेल पॉलिश एक बोल्ड और शाही लुक प्रदान करती है।

### नेवी नीला

इस साल सर्दियों के दौरान नीले के एक खास शेड



वाली नेल पॉलिश पसंद की जा रही है, जिसे नेवी कहा जाता है। यह नीले रंग का गहरा शेड होता है, जिसमें काले रंग का स्पर्श भी होता है। नेवी नीला रंग व्यावसायिकता, विलासिता और शांति को व्यक्त करता है। इस रंग की नेल पॉलिश लगाने से आप सर्दी के सार को भी बखूबी दर्शा पाएंगी, क्योंकि इसे बर्फ से भी जोड़ा जा सकता है।

### जंगल वाला हरा

अगर आप क्रिसमस के सार को दर्शाने वाली नेल पॉलिश लगाना चाह रही हैं तो जंगल वाला हरा रंग चुनें। यह रंग नवीनीकरण, स्थिरता और प्रकृति से जुड़ाव को व्यक्त कर सकता है। इस रंग की नेल पॉलिश लगाने से आपके हाथ एलिगेंट और सादगी भरे लगेंगे। आप चाहें तो इस शेड की जगह हरे का पन्ना शेड भी चुन सकती हैं, जो कभी ट्रेंड से बाहर नहीं होता और सर्दियों के लिए आदर्श रहता है।

### न्यूड गुलाबी

अगर आपको गहरे रंग वाली नेल पॉलिश लगाना पसंद नहीं है तो आप न्यूड रंग का चुनाव भी कर सकती हैं। मौसम को ध्यान में रखते हुए आपको न्यूड गुलाबी रंग ही चुनना चाहिए। यह हल्का शेड हर रंगत वाली महिला पर जंचता है और एक फेमिनिन लुक दे सकता है। यह रंग रोजाना के लिए सही भी रहता है, क्योंकि इसमें हाथ भड़कीले नहीं लगते। इस रंग वाली नेल पॉलिश लगाकर आप एक प्राकृतिक लुक पाएंगी।

### चॉकलेट भूरा

सर्दियों के दौरान भूरा बहुत चलन में रहता है, जिस रंग की नेल पॉलिश हाथों पर जंचेगी। इस मौसम में सूखे हुए पेड़ों पर यही रंग दिखाई देता है। इसके लिए चॉकलेट भूरे रंग वाली नेल पेंट चुनें, जो गहरा शेड होता है। आप भूरे रंग के अलग-अलग शेड की नेल पॉलिश इस्तेमाल करके सुंदर डिजाइन या कला भी बना सकती हैं।

# फैशन में इस तरह करें बैलेंस, इस तरीके से बनाएं अपने लुक को स्टाइलिश





फैशन

फैशन में लोगों को लगता है कि सिर्फ ट्रेंड फॉलो कर लेंगे तो वो स्टाइलिश लगने लगेंगे, लेकिन इसके लिए रंगों का चुनाव भी जरूरी होता है। वहीं कलर ब्लॉकिंग से आप अपने लुक में संतुलन लाकर स्टाइलिश और प्रोफेशनल दिख सकते हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए महंगे कपड़े या ट्रेंड फॉलो करना ही काफी नहीं होता। इसके लिए फैशन की सेंस भी समझना उतना ही जरूरी है। इन्हीं में से एक कलर ब्लॉकिंग है। कलर ब्लॉकिंग न केवल आपको फैशनेबल बनाता है बल्कि आपके फिगर में भी नेचुरल बैलेंस लाने में मदद करता है।

### कलर ब्लॉकिंग

फैशन में कलर ब्लॉकिंग अब सिर्फ एक ट्रेंडी टेक्निक नहीं रही बल्कि यह आपके लुक को संतुलित करने का एक बढ़िया तरीका है। वहीं जब सही रंगों का सही जगह पर इस्तेमाल होता है तो यह आपकी बॉडी शेप को भी प्रोफेशनल दिखाने में मदद करता है। वहीं खासतौर पर उन लोगों के लिए जो जो ऊपर या नीचे से भारी नजर आते हैं। ऐसे में यह स्टाइलिंग तरीका काफी असरदार साबित हो सकता है।

### बॉडी शेप के हिसाब से चुने

अगर आपकी बॉडी ऊपर से हैवी है तो आप टॉप के लिए डार्क शेड जैसे नेवी, ब्लैक या डीप ग्रीन सेलेक्ट करें। वहीं बॉटम में हल्के या ब्राइट कलर जैसे व्हाइट, पाउडर, ब्लू या पीला पहन सकते हैं। वही बॉटम में हल्के या ब्राइट कलर जैसे व्हाइट, पाउडर, ब्लू या पीला पहन सकते हैं। इसके अगर आपकी लोअर बॉडी ज्यादा हैवी है तो नीचे डार्क शेड्स और ऊपर लाइट कलर्स का इस्तेमाल करें।

### हर रंग की कहानी

आप किसी तरह का इंपैक्ट डालना चाहते हैं जैसे सिंपल, बोर्ड या एलिगेंट दिखना चाहते हैं तो यह तय करता है कि आप कौन से रंगों को किस जगह प्लेस करते हैं। कलर ब्लॉकिंग न सिर्फ आपकी पर्सनालिटी को रिफ्लेक्ट करता है बल्कि फैशन में आपकी समझ और आत्मविश्वास भी दर्शाता है।

# ओवरसाइज्ड कोट को ऐसे करें स्टाइल ठंड से भी हो बचाव और लगें भी फैशनेबल

ओवरसाइज्ड कोट न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिखने का एक बेहतरीन विकल्प भी प्रदान करते हैं। इन कोट्स को सही तरीके से पहनने पर आप न केवल ठंड से बच सकती हैं, बल्कि फैशनेबल भी लगेंगी।

**जींस के साथ पहनें :** जींस के साथ ओवरसाइज्ड कोट पहनना एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। यह कपड़े का मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है। आप अपनी पसंदीदा जींस के साथ एक हल्के रंग का कोट चुन सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को निखार देगा। इसके साथ सफेद जूते पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे और आप ठंड से भी सुरक्षित रहें।

**स्कर्ट के साथ करें मेल :** अगर आप स्कर्ट पहनने की सोच रही हैं तो ओवरसाइज्ड कोट उसके साथ बहुत अच्छी लगेगी। आप अपनी लंबी स्कर्ट के ऊपर एक बेल्ट लगाकर उसे थोड़ा टाइट कर सकती हैं, जिससे आपकी कमर का आकार भी दिखेगा और लुक भी खास लगेगा। इसके अलावा आप चाहें तो



स्कर्ट के साथ लंबे जूते भी पहन सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को और भी आकर्षक बनाएगा। इस तरह आप ठंड से भी बच सकती हैं और स्टाइलिश दिखेंगी।

**ड्रेस के साथ टिमअप करें :** ओवरसाइज्ड कोट ड्रेस के साथ भी बहुत अच्छा लगता है। अगर आपकी ड्रेस थोड़ी छोटी या मिडी लंबाई की हो तो ऊपर से एक ओवरसाइज्ड कोट पहनें। इससे आपका लुक न केवल फैशनेबल लगेगा बल्कि आपको ठंड से भी बचाएगा। इसके अलावा आप चाहें तो कोट के बटन खोलकर अंदर की ड्रेस दिखा सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

# बाल रूखे हो रहे हैं तो इन चीजों का करें इस्तेमाल, बालों को मिलेगी भरपूर नमी

बालों की नमी को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह नमी को बरकरार रखने के साथ-साथ बालों को पोषण और सुरक्षा भी प्रदान करता है। हाइड्रेटिंग मास्क का सही चयन करना अहम है क्योंकि यह आपके बालों के प्रकार और स्थिति पर निर्भर करता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें आजमाकर बालों को भरपूर नमी मिल सकती है।

**एवोकाडो और जैतून के तेल का मिश्रण :** एवोकाडो में मौजूद पोषक तत्व और फैटी एसिड बालों को गहराई से पोषण देते हैं। जैतून का तेल भी बालों को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इन दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बना लें और इसे



अपने सिर पर लगाएं। 20-30 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद हल्के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें। यह उपाय बालों को मुलायम और चमकदार बनाएगा।

**केला और शहद का मिश्रण :** केला प्राकृतिक नमी देने वाला होता है और शहद में मौजूद गुण बालों को मजबूत बनाते हैं। एक पके केले को मैश कर लें और उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 15-20 मिनट तक छोड़ दें। फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद हल्के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

**नारियल तेल और दूध का मिश्रण :** नारियल तेल बालों को गहराई से पोषण देता है और दूध में मौजूद प्रोटीन उन्हें मजबूती प्रदान करती है। एक कप नारियल तेल में थोड़ा-सा दूध मिलाएं, फिर इस मिश्रण को हल्का गर्म करें। अब इसे अपने सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद हल्के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें। यह उपाय बालों को मुलायम और चमकदार बनाएगा।

## कार्नर न्यूज

### एड़ियां फटने पर कभी-कभी दर्द और खून निकलने तक की नौबत आ जाती है

# सर्दियां आते ही फटी एड़ियों से हो जाते हैं परेशान तो घर पर इन नुस्खों से पाएं मुलायम और सुंदर पैर

जैसे ही ठंड का मौसम शुरू होता है, त्वचा की नमी कम होने लगती है और इसका सबसे ज्यादा असर पैरों की एड़ियों पर दिखता है। सर्दियों की शुष्क हवा और त्वचा के रूखेपन से एड़ियां फटने लगती हैं। कभी-कभी इनमें दरारें इतनी गहरी हो जाती हैं कि दर्द और खून निकलने तक की नौबत आ जाती है। लेकिन अच्छी बात यह है कि आप बिना किसी महंगे प्रोडक्ट के घर पर ही कुछ प्राकृतिक उपायों से फटी एड़ियों को ठीक कर सकती हैं। खासतौर पर नारियल तेल, फटी एड़ियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।



### नारियल तेल का सही इस्तेमाल

नारियल तेल में मौजूद फैटी एसिड्स और एंटीबैक्टीरियल गुण फटी एड़ियों को भरने और त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करते हैं। हालांकि, इसे लगाने का तरीका सही होना बहुत जरूरी है।

**कैसे लगाएं:** सबसे पहले अपने पैरों को गर्म पानी में 5 से 10 मिनट तक भिगोकर रखें। इससे स्किन की डेड सेल्स नरम हो जाएंगी। अब हल्के गर्म नारियल तेल को एड़ियों पर अच्छे से मालिश करते हुए लगाएं। इसके बाद कॉटन की जुराबें पहन लें ताकि तेल रातभर अपना असर दिखा सके। रोजाना रात में ऐसा करने से कुछ ही दिनों में एड़ियां मुलायम और साफ नजर आने लगेंगी।

### केला और शहद मास्क

एक पका हुआ केला मसलकर उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। इस पेस्ट को एड़ियों पर 20–25 मिनट लगाकर रखें और फिर धो लें। हफ्ते में 2–3 बार यह उपाय करने से एड़ियों की त्वचा मुलायम हो जाती है। केला त्वचा को पोषण देता है और शहद उसे हाइड्रेट रखता है।

### पपीता और नींबू पेस्ट

एक कटोरी में मसलकर रखा पपीता लें और उसमें आधा नींबू निचोड़ें। इस मिश्रण को फटी एड़ियों पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। पपीते में मौजूद एंजाइम डेड स्किन हटाते हैं और नींबू एड़ियों को साफ और चमकदार बनाता है।



### अनानास का छिलका उपाय

अनानास के छिलके को फटी एड़ियों पर रखें और ऊपर से जुराब पहन लें। इसे एक से डेढ़ घंटे तक लगा रहने दें। अनानास का छिलका प्राकृतिक एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है और त्वचा को हाइड्रेट रखता है।

### अतिरिक्त सुझाव

फटी एड़ियों को कभी अनदेखा न करें, क्योंकि ये संक्रमण का कारण बन सकती हैं। रोजाना पैर धोने और मॉइस्चराइज करने की आदत डालें। हार्श साबुन या केमिकल बेस्ड क्रीम का उपयोग न करें। सर्दियों में पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है, ताकि शरीर अंदर से हाइड्रेट रहे। अगर इन घरेलू उपायों को नियमित रूप से अपनाया जाए तो सर्दियों में भी आपके पैर रहेंगे मुलायम, खूबसूरत और स्वस्थ।